

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड


वर्ष 13 अंक 285 | उज्जैन, गुरुवार 30 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए



**सुविचार**

अपनी दृष्टि सदैव उस वस्तु पर रखो, जिसे तुम पाना चाहते हो,उस पर नहीं, जिसे तुम खो चुके हो...!

# दैनिक मालवा हेराल्ड की पहल रंग लाई, प्रशासन बोला कार्रवाई कर काम रूकवाया

## धर्म के नाम 20 बीघा सरकारी जमीन हथियाने के मंसूबे पर प्रशासन का पानी फेरने का दावा














**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। उज्जैन जनपद के ग्राम पंचायत दुदर्शी अंतर्गत हारन्याखेडी में 20 बीघा सरकारी भूमि को कब्जाने के लिए धर्म का सहारा लिया गया था।ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य सदस्यों ने सरकारी जमीन पर ट्रस्ट को अनापत्ति जारी ही नहीं की उलट तहसीलदार को पेश की थी।इस पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।जमीन हथियाने के मंसूबों पर पानी फेरने का दावा एसडीएम राकेश शर्मा ने किया है।**

उज्जैन जनपद एवं उज्जैन ग्रामीण तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत दुदर्शी के ग्राम हारन्याखेडी के पास शासकीय 20 बीघा जमीन सर्वे नंबर 279 पर दर्ज है। कडछा कोरिडोर के तहत मुख्यमंत्री ने उक्त भूमि को औघोगिक उपयोग के लिए घोषित किया था। इस भूमि को ग्राम पंचायत दुदर्शी की बैठक में सरपंच एवं सचिव के साथ अन्य ने मिलकर इस जमीन को खाटू श्याम अखाड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन नंबर 61/2021 को देने के लिए प्रस्ताव एवं ठहराव अपने अधिकारों के विपरित जाकर अनापत्ति जारी की। अधिकारों के विपरित ग्राम पंचायत ने इस अनापत्ति की प्रतिलिपि को तहसीलदार उज्जैन को भी पेश किया । खास बात तो यह है कि ग्राम पंचायत ने जिस ट्रस्ट की तरफदारी की उसे तीन वर्ष की अवधि भी नहीं हुई और उसके तीन आडिट भी नहीं हुए हैं ऐसे में शासकीय जमीन उसे दिलाने का कुत्सित प्रयास शुरू किया गया। इसी के तहत जमीन पर कब्जे के लिए धर्म का सहारा लेते हुए प्रपंच कर 21 मार्च को एसडीएम कार्यालय से ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति 15 शर्तों के तहत जारी करवाई गई।यहां 22 मार्च से 29 मार्च तक कथा की आड में 20 बीघा शासकीय भूमि हडपने एवं कब्जाने के लिए निर्माण शुरू किया


धर्म का नाम, उज्जैन तहसील में 20 बीघा सरकारी जमीन की हेराफेरी की तैयारी का काम

औघोगिक क्षेत्र की घोषित जमीन को ग्राम पंचायत दुर्दर्शी ने धर्म के नाम पर देने की दी अनापत्ति

खबर का असर

अनुमति ध्वनि विस्तारक की,काम निर्माण का-

-मामला संज्ञान में आने पर सोमवार सुबह ही तहसीलदार एवं पटवारी को जांच के आदेश दिए हैं। जांच रिपोर्ट आते ही कार्रवाई की जाएगी। पंचायत के आवेदन एवं कथा के पोस्टर पर काफी कुछ है।

-राकेश शर्मा,एसडीएम,उज्जैन (ग्रामीण)

गया।खास बात तो यह है कि अनुमति लेने के लिए जो आवेदन पेश किया गया उसके संलग्न दिए गए पोस्टर में भी मंदिर निर्माण हेतु लिखा गया । इसके बावजूद अनुमति देने वाले ने भी आयोजन पर एक नजर गौर करना भी वाजिब नहीं समझा ।अनुमति मिलते ही धर्म के कथित ठेकेदारों ने आसपास के गांव के भोले भाले ग्रामीणों से जमकर चंदाखोरी करना शुरू कर दिया ।यहां तक की कथा स्थल पर क्विंटलों से गेंहु आया । अनुमति की आड लेकर कथित लोगों ने धर्म का झाड़ काटने


प्रशासन नींद में, 20 बीघा सरकारी जमीन पर धर्म के ठेकेदारों का कब्जा शुरू

खबर का असर

उज्जैन।दैनिक मालवा हेराल्ड ने मंगलवार के अंक में प्रशासन को आगाह करते हुए अपने पाठकों को बताया था की किस तरह 20 बीघा शासकीय जमीन को धर्म के नाम पर हेराफेरी करने की तैयारी है।खुले रूप से आगाह करने को जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी में होने के बाद भी शासकीय जमीन पर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर करते हुए कब्जा किया जा रहा है। यूं कहा जाए की प्रशासन ही करवा रहा है तो कुछ गलत नहीं होगा।धर्म के नाम पर चंदा खोरी भी जमकर हो रही है।जांच करने गई पटवारी ने लीपा पोती कर दी है। शासकीय जमीन पर कब्जे को लेकर ग्राम पंचायत तो पहले ही अनापत्ति दे कर मंशा जता चुकी है।धर्म के नाम पर कुछ ठेकेदार अपनी दुकान प्रशासनिक सहयोग से बहुत जल्द शुरू कर लेंगे।

के लिए निर्माण की शुरूआत कर दी।

### दैनिक मालवा हेराल्ड ने सचेत कर आंखे खोली

प्रशासन ने ग्राम पंचायत के इस घोटाले को नजर अंदाज कर दिया था। यहां तक की 20 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे और हडपने के मंसूबे को लेकर किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रही थी। हर जिममेदार इससे बचना चाह रहा था। दैनिक मालवा हेराल्ड ने धर्म की आड में सरकारी जमीन हडपने की इस मंशा को समझा ही नहीं तथ्य जूटाए और अपने पाठकों के सामने पूरे मामले की बखिया उधेड कर रख दी । यहां तक की प्रति दिन खबरों का प्रकाशन कर इसे कलेक्टर एवं उज्जैन ग्रामीण के एसडीएम राकेश शर्मा को भेजते हुए कार्रवाई का पक्ष रखा।

### अंतत : कार्रवाई का दावा

सरकारी जमीन के इस मामले में उज्जैन ग्रामीण के एसडीएम राकेश शर्मा ने दैनिक मालवा हेराल्ड से दावा करते हुए कहा कि बुधवार को प्रशासन के दल ने स्थल पर पहुंचकर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी है। ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को अतिक्रमण को हटाने के निर्देश तत्काल दिए गए हैं। अपर तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंचे दल ने देखा की सरकारी जमीन सर्वे नं.279 में ही निर्माण किया जा रहा है।सरकारी जमीन पर आयोजन की अनुमति भी नहीं ली गई।ग्राम पंचायत को अधिकार नहीं होने के बावजूद उसने ट्रस्ट के पक्ष में अनापत्ति देने पर जिम्मेदार सरपंच - सचिव एवं अन्य के विरूद्ध एक प्रतिवेदन बनाकर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजा जा रहा है। इसके आधार पर उनके विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।बहुत जल्द ही इन पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सजा को चुनौती देगें राहुल गांधी कांग्रेस ने तैयार कर ली याचिका

**नई दिल्ली/जीएनएस।** राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा सुनाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका तैयार है तथा इसे बहुत जल्द दायर किया जाएगा। कांग्रेस ने कहा है कि वह इस लड़ाई को कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ेगी।

## मोहम्मद फैजल की तरह वापस मिल सकती है सांसदी?

**नई दिल्ली/जीएनएस।** लक्षद्वीप से लोकसभा सदस्य मोहम्मद फैजल की सांसदी को बहाल कर दिया गया है। उन्हें हत्या के प्रयास के मामले में निचली अदालत ने 10 साल कैद की सजा सुनाई थी, जिसके चलते उनकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से चली गई थी। इसके बाद फैजल ने केरल हाई कोर्ट में फैसले के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने 10 साल कैद की सजा पर रोक लगा दी। 25 जनवरी को ही हाई कोर्ट का आदेश आ गया था, जिस पर विचार करते हुए लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी है। लक्षद्वीप लोकसभा सीट पर तो चुनाव आयोग ने उपचुनाव कराने की भी अधिसूचना जारी कर दी थी।

## भारत की सेना विश्व की सबसे अधिक सक्षम सेनाओं में से एक-मुख्यमंत्री चौहान




**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नवरात्रि का पावन पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है। मध्यप्रदेश और भोपाल का सौभाग्य है कि नवरात्रि में फौजी मेला और शस्त्र प्रदर्शनी से हमें शक्ति की आराधना का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केन्द्र सरकार द्वारा भोपाल में फौजी मेला आयोजित करने के लिए आभारी हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत वर्ष का हजारों साल लम्बा ज्ञात इतिहास रहा है। हमारा शौर्य और वीरता भी हजारों वर्षो से स्थापित है। भारत के विचार, संस्कार, संस्कृति ने विश्व को दिशा दिखाई है। यदि हम शक्तिहीन हैं तो कोई हमारी बात नहीं सुनता है। भारत की सेना विश्व की सबसे अधिक सक्षम सेनाओं में से एक है। हमारे जवान कठिनतम परिस्थितियों में रह कर माँ भारती की रक्षा कर रहे हैं। सेना के त्याग, तपस्या के परिणामस्वरूप ही हम उत्सव और त्यौहार मना पाते हैं। मैं अपनी अद्भुत सेना के शौर्य, साहस और वीरता को प्रणाम करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान भोपाल के मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के मैदान में फौजी मेला और शस्त्र प्रदर्शनी का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। कमांडिंग इन चीफ नॉर्दन आर्मी कमांड लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।






# शिव महापुराण कथा के द्वारा जनता वह भाजपा को साधने में लगे सिसोदिया

### क्या भाजपा में आ सकते है सिसोदिया?››क्या पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव महापुराण कथा से अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे ?

**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कहावत है न की राजनीति में कुछ भी स्थाई नही रहता। कब कोन सा पाला बदले यह अब के राजनीतिक परिदृश आम है। एसा ही बदनावर विधान सभा में कांग्रेस के शरदसिंह सिसोदिया के बारे में कयास लगाया जा रहा है की सिसोदिया भाजपा में जाने के पूरे मुड़ में है। सिसोदिया द्वारा हाल ही मैं पंडित प्रदीप मिश्रा की भव्य कथा का आयोजन किया। जिसमे भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता ने पूरे तन मन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में भाजपा के सहयोगी बजरंग दल ने भी अपने कार्यकर्ता के साथ सहयोग दिया। पूरे कार्यक्रम में



कांग्रेस पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता व बड़े नेता का नही आना वही दूसरी तरफ भाजपा के उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के अलावा भाजपा से कई जनप्रधिनिधी भी आए । आखिर कांग्रेस से कोई भी प्रदेश स्तर का नेता तो ठीक जिला स्तर के भी राजनेता नजर नही आए।

सिसोदिया द्वारा पूरे कार्यक्रम में कांग्रेस की एनएसयूआई, सेवादल जैसे कई संगठन को किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी देते हुए नही देखा गया। कार्यक्रम में कई बार कांग्रेस कार्यकर्ता को बाउंसर द्वारा बेइज्जत भी किया गया, परंतु धार्मिक कार्य होने के नाते गम के घुट पी कर रह गए कार्यकर्ता। पंडित मिश्रा की अगवानी का स्वागत का श्री गणेश भी सिसोदिया ने भाजपा के केबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तिगांव द्वारा कराया गया। कही न कही सिसोदिया का मन भाजपा में रमते देखा जा सकता है। जब से सिसोदिया बदनावर आए है तब से कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए किसी भी आंदोलन में आगे बड़ कर सहभागी नही बने। वही कांग्रेस के बालमुकुंद गोतम, टिंकू बना, मनीष बोकाडिया द्वारा कांग्रेस को जिंदा रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सुनने में यह भी आ रहा है की सिसोदिया को पता है जब तक कांग्रेस के बाल मुकुंद गोतम है तब तक बदनावर विधानसभा में उनकी दाल गलने वाली नही है शायद इसलिए ही भाजपा में जाने का मन बना रहे है। क्योंकि भाजपा में दत्तिगाव के अलावा कोई भी आर्थिक रूप से सिसोदिया जैसा सक्षम नहीं है जो करोड़ों का आयोजन स्वयं के बल पर करा सके। कई बार पंडित प्रदीप मिश्रा ने भी भाजपा का गुणगान करते देखा गया है। अब देखना है की बदनावर की इस सियासत का ऊट किस करवट लेता है।

# 'नेहरू युवा केन्द्र झाबुआ ने एक दिवसीय आस पड़ोस युवा संसद का किया आयोजन'

## 'जी20 के विषय पर हुआ आयोजन'







**झाबुआ /माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र झाबुआ के तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व की भावना उजागर करने हेतु मंच प्रदान करना था। जिला युवा अधिकारी प्रीति पंघाल द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम त्र20 में भारत की अध्यक्षता के महत्व, मिशन लाइफ,ङ्घ20 तथा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष पर आधारित रहा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम वसुधैव कुटुंबकम्, विश्व एक परिवार, वन फैमिली, वन अर्थ, वन फ्यूचर की थीम पर रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं विशेष अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष भानु भूरिया, होमगार्ड कमांडेंट शशिधर पिल्लई, कन्या महाविद्यालय से प्रोफेसर डॉ0 प्रीति त्रिपाठी, आदर्श महाविद्यालय से प्रोफेसर डॉ0 पूजा बघेल, एनजीओ प्रमुख जिम्मी निर्मल, कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक आर0 के0 त्रिपाठी, बिट्टू एवं आईटीआई झाबुआ प्राचार्य मोहन सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात पुष्प गुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया गया उसके बाद अतिथियों द्वारा युवाओं को संबोधित किया गया।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अपने उद्बोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, आज का युवा कल देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा, इसलिए जब जहां मौका मिले अपने अंदर की खूबियों को पहचान कर उन्हें उजागर करने का प्रयत्न करें।

भानु भूरिया मोटे अनाज के सेवन के महत्व बताते हुए कहा कि, झाबुआ जिले में आदिवासियों का मुख्य भोजन मोटा अनाज ही है और यह इसी का सेवन करते हैं जिससे इनकी रोक प्रतिरोधक क्षमता गेहूं चावल खाने वालों से अधिक होती है। जिसका उदाहरण हमने कोरोना काल में भी देखा था। यह अनाज खाने वालों को कोरोना हुआ भी तो बहुत नुकसान नहीं हुआ।

शशिधर पिलाई ने अपने उद्बोधन में युवाओं को अपनी शक्ति पहचानने के लिए आह्वान किया जिससे भारत पुनः सोने की चिड़िया बन सके।

आर0के0 त्रिपाठी ने बाजरे के सेवन के लाभ बताते हुए कहां की यह ग्लूटेन कम होने से कोलेस्ट्रॉल एवं शुगर को नियंत्रित रखता है। सभी मोटे अनाज ज्वार, बाजरा इत्यादि सब सुपर फूड है। जिसमें अमीनो एसिड फाइबर मिनरल बहुत अधिक मात्रा में होते हैं, मनुष्य के लिए यह पोषक तत्वों का खजाना है, जिसके सेवन से पोषण के साथ-साथ बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है।

जिम्मी निर्मल युवाओं को भारत को प्राप्त त्र20 की अध्यक्षता के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये देश के लिए गर्व की बात है कि हमे यह अवसर प्राप्त हुआ है। साथ ही युवाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने की सीख देते हुए कहा कि केवल नौकरी प्राप्त करने के लिए न पढ़ें अपितु एक अच्छा नागरिक बनने के लिए पढ़ें।

डॉ0 प्रीति त्रिपाठी ने युवाओं को बताया कि शिक्षा के साथ साथ सर्वांगीण विकास आवश्यक होता है। इसलिए अपने व्यक्तित्व का विकास करें, अपनी कमियों को पहचानकर दूर करें, युवाओं में जो संकोच की भावना होती है, उसे दूर करें और जहां इस तरह का मंच मिले वहां अपने विचार व्यक्त करें। आईटीआई झाबुआ के प्राचार्य मोहन सिंह ने युवाओं को रोजगार संबंधित कौशल विकास की जानकारी दी साथ ही मिशन लाइफ के ऊपर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण के बारे में समझाया।

आस पड़ोस युवा संसद के मंच पर युवाओं ने झाबुआ जिले की समस्याओं एवं निराकरण पर चर्चा की जिसके पश्चात् सामूहिक नृत्य का आयोजन कार्यक्रम के अंत में किया गया।

नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी सुश्री प्रीती पंघाल ने कार्यक्रम का आभार मानते हुए कार्यक्रम को समापन की ओर अग्रसर किया एवं समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पॉलिटेक्निक कॉलेज के समस्त अधिकारी कर्मचारियों एवं नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएससी बैठक आयोजित



**झाबुआ /माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता एवं समिति सदस्य सीईओ जिला पंचायत अमन वैष्णव, एडिशनल सीईओ दिनेश वर्मा व्ही0एस0 इस्किया महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उपसंचालक कृषि एन0एस0 रावत तथा अन्य समिति सदस्यों की उपस्थिति में 28 मार्च, 2023 को दोपहर 01:00 बजे जिला कौशल समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक के एजेन्डा बिन्दुवार जिले के स्कील गैप एनालिसिस, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक ईएसटीपी कौशल प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट घटक अन्तर्गत राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को आवंटित लक्ष्य एवं जॉबरोल पर चर्चा कर अध्यक्ष द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये। समिति के सदस्य सचिव/प्राचार्य आईटीआई झाबुआ मोहनसिंह गरवाल द्वारा डीएससी बैठक के एजेन्डा बिन्दुओं का प्रजेन्टेशन दिया गया।

# महाविद्यालय में विश्व बैंक गुणवत्ता उन्नयन परियोजना अकादमिक कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन



**झाबुआ /माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहीद चंद्रशेखर आजाद, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय झाबुआ में विश्व बैंक परियोजना की गतिविधियों के तहत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर कुमारी काजल कुम्हारे बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष एवं द्वितीय कुमारी अंकिता बसोड़ बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष रही। इस दौरान प्राचार्य डॉ.जे.सी. सिन्हा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 रविंद्र सिंह सह पाठ्येत्तर गतिविधि संयोजक प्रो0जे0एस0 भूरिया, डॉ0 लवीना पाल चौहान, डॉ0 अंजना ठाकुर, डॉ0 रंजना रावत, डॉ0 मनीषा सिसोदिया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लाडली बहना योजना के लिए फार्म भरने का काम जोरो पर



**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आलोट नगर परिषद व महिला बाल विकास की आगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों मे फार्म भरने का काम जोरो पर चल रहा हे जिसमे वार्ड क:14व 15मै लगभग दो दिन मै 100फार्म भर चूके हे वार्ड वासी महिलाएं योजना कै लिए उत्साह के साथ केम्प पर पहूच कर योजना का लाभ लेने के लिए केम्प पर पहुच रही हे सूरैश माली विक्रमगढ मे अपनी सेवा दे रहे हे वही पार्षद सजय माली भी पूर्ण सहयोग.कर रहे हे ताकी सभी बहनो को योजना का लाभ मिलैवही नगर पचायत कर्मचारियों मे फिरोज मेव आगनवाड़ी कार्यकर्ता जयंती विशाल .सगिता माली ने दूसरै दिन मे खबर लिखै जानै तक 100फार्म भरवाकर महिलोओ को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलै इसके लिए प्रयास किया जा रहा हे वही महिलोओ के फार्म भरने मे नैटवर्क नही मिलने से साइड नही चलने के कारण फार्म धिरे धिरै लोड हो रहे है महिलाओं मे बडा उत्साह दिख रहा है।

# वर्ष 2017 में ग्राम आक्या में दहेज हत्या के आरोप के मामले में न्यायालय ने आरोपी को किया दोषमुक्त




**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रतलाम में सुनील कुमार कौशिक ने आक्या में दहेज हत्या के मामले में आरोपी युवक सौदान सिंह पिता भगवान सिंह को दोषमुक्त किया है खबर के मुताबिक सौदान सिंह के विरुद्ध वर्ष 2017 में पुलिस थाना आलोट पर प्रकरण क्रमांक एसटी15/2017 की धारा 304ड्ढ 498द्बश्च मैं आज दिनांक 15 2023 को प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के आधार पर आरोपी को उपरोक्त धाराओं में दोषमुक्त किया गया है उक्त प्रकरण में पैरवी अधिवक्ता मनीष फरक्या . कमल सिंह आंजना रवि सेठिया राजेश शर्मा .अशोक पांचाल. द्वारा की गई गौरतलब है कि सौदान सिंह के विरुद्ध वर्ष 2017 मैं पुलिस थाना आलोट पर धारा 304 बी 498 आईपीसी में प्रकरण पंजीबद्ध किया था बता दें कि आरोपी ने अपनी पत्नी रानी के साथ अपने घर पर दहेज के लिए पलंग पेटी की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित किया था वही प्रताड़ना से परेशान होकर रानी ने दिनांक 9 फरवरी 2017 को रात्रि में जहर का सेवन कर लिया था जिसे परिजन सिविल अस्पताल आलोट लेकर पहुंचे थे जहां उसे जिला अस्पताल रतलाम रेफर कर दिया था जहां पर उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी मामले में आलोट पुलिस द्वारा आरोपी पति सौदान सिंह के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था जिसके बाद 20/3/ 2023 को संपूर्ण विवेचना के पश्चात न्यायालय ने आरोपी को दोष मुक्त किया है

# मीणा कॉलोनी से मोटरसाइकिल हुई चोरी

**आलोट/राकेश चौहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।**आलोट स्थित मीणा कॉलोनी से अज्ञात द्वारा घर के सामने रखी मोटरसाइकिल चुरा ली गई मीणा कॉलोनी निवासी संजय मीणा पिता राधेश्याम मीणा द्वारा बताया गया कि उसके घर के सामने उसने अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स जिसका क्रमांक एम पी 43 ई एल 5333 को अज्ञात द्वारा चुरा लिया गया जब घर के बाहर निकल कर देखा तो मोटरसाइकिल नहीं मिली आसपास तलाश करने वह पूछताछ पर नहीं मिलने पर आलोट थाने में मोटरसाइकिल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई संजय की रिपोर्ट पर आलोट पुलिस द्वारा धारा 379 में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# हरिकिशन मेलवाणी सम्मानित



**बड़नगर/दैनिक मालावा हेराल्ड।** गीता भवन ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष,नगरपालिका बड़नगर के पूर्व अध्यक्ष और सिन्धी समाज बडनगर के मुखी (अध्यक्ष), भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री हरिकिशन मेलवाणी को हिरदाराम नगर (भोपाल) में मध्यप्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट की ओर से उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो और समाज हित मे उनके द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश की सर्वोच्च संस्था भारतीय सिंधु सभा ने भारतीय सिंधु भवन ट्रस्ट के बैनर तले उन्हें सिन्धी समाज के रत्न के रूप में सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च 2023 को मध्यप्रदेश भारतीय सिंधु सभा की ओर से भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में होने वाले अखिल भारतीय सिन्धी सम्मेलन में भाई हरिकृष्ण मेलवाणी के नेतृत्व में बड़नगर सिन्धी समाज के 50 सदस्य भाग लेंगे। सिन्धी समाज के गौरव अमर शहीद श्री हेमू कालानी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित इस सम्मेलन को संघ प्रमुख माननीय मोहन भागवत जी सम्बोधित करेंगे। भाई हरिकिशन मेलवाणी ने बड़नगर के सभी सिन्धी समाज जन से इस अवसर पर भोपाल चलने का आग्रह किया है और समाज की एकता सम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया है।

# जलजीवन अभियान के तहत टँकी की पाइपलाइन का हुआ भूमिपूजन



**बड़नगर/दैनिक मालावा हेराल्ड।** बड़नगर के ग्राम रणवा में नलजल योजना के अंतर्गत बनने वाली टंकी की पाइपलाइन खुदाई का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ भूमिपूजन गांव के पटेल साहब गोकुल सिंह भाटी व नवनिर्वाचित युवा सरपंच महेन्द्र सिंह भाटी द्वारा पूजन व श्री फल चढ़ाकर किया गया पूजन में मुख्य रूप से पूर्व उप सरपंच दशरथ सिंह भाटी,भगवान सिंह भाटी,रूप सिंह भाटी, सुमेर सिंह भाटी,तेजपाल सिंह भाटी,नारायण सिंह भाटी,लाल सिंह राठौर,जसवंत सिंह केवड़ा, नरेंद्र सिंह सोलंकी,राधेश्याम पड़ियार, वीरेंद्र सिंह भाटी, जितेंद्र सिंह सोलंकी,दिलीप सिंह भाटी,रमेश लाल, राधेस्याम व ग्रामीण जन उपस्थित थे...टंकी बनने से गांव के घर घर तक पानी की उपलब्धता आसान हो जाएगी . टंकी के निर्माण कार्य से ग्रामीणों में काफी उत्साह है।

# बच्चियों को सिखाया घट्टी चलाना और घट्टी चलाते समय कैसे गीत गाना

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**नवचेतना जागृत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मालव लोककला केंद्र द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का समापन 29 मार्च को हुआ जिसमें बच्चियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।सचिव कृष्णा वर्मा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चे अपनी विरासत को पहचाने और इसके संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका अदा करें साथ ही मालव अंचल की लोक कला को एक नई दिशा मिले है।

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने के विरोध मे धरना



**बड़नगर/दैनिक मालावा हेराल्ड।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने के विरोध में एंव किसानो की समस्याओ को लेकर युवक कांग्रेस तथा कृषि कृषक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान मे ग्राम खरसोदकलां मे कांग्रेसजनो ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेष पटेल के नेत्रत्व मे धरना आयोजित कर माननीय राष्ट्पति एंव प्रदेष के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा । ज्ञापन का वाचन कार्यकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अषोक राठौड़ ने किया।

धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुये महेष पटेल ने आक्रोष व्यक्त करते हुये कहा की राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करना लोकतांत्रिक मुल्यो की हत्या है। देष के संविधान मे सरकार एंव शासन , प्रषासन की गलत नितीयो एंव जनविरोधी कार्यो पर सवाल उठाना अभिव्यक्ति की आजादी है। राहुल गांधी हर मोंचे पर सरकार को घेर रहे थे। इससे घबराकर उन्हे संसद से बाहर कर उनकी आवाज बंद करने का अनैतिक कार्य किया है। यह घटना देष की संसदीय परम्परा एंव लोकतांत्रिक इतिहास के स्वर्णीम पृष्ठ पर एक बदनुमा दाग है। इसकी भारत मे ही नही समुचे विष्व मे घोर आलोचना हो रही है एंव विष्व का जनमानस भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर चिंतित है।

धरना आंदोलन को पुर्व मण्डी अध्यक्ष सुरेष पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी बालुसिंह मोलाखेड़ी, पुर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीष धाकड़ , सेवादल अध्यक्ष भरत चौधरी, कृषि कृषक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष देवेष पटेल , पुर्व सरपंच आनन्दीलाल पटेल, पुर्व जनपद सदस्यगण अषोक जैन , बद्रीलाल धाकड़, नाथुलाल परमार, अर्जुनसिंह राठौर आदि ने संबोधित किया । इस अवसर पर युवक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष संजय आर्चाय, भोमसिंह झाला, मुकेष चौधरी, अनुप पाटीदार, गोर्धनलाल परमार, शुभम शर्मा , लाला राठोड़, अमन लोहार, शुभम पटवा, मंयक जैन, दिनेष पटेल, पारस सेन, डॉ. मदनलाल , विपुल पाटीदार, पियुष जैन, करण परमार, गोर्वधन पायलेट, अनिल निर्मोही, पंकज व्यास आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामेष्वर बारोड़ ने किया व आभार विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष योगेन्द्रसिंह पंवार ने माना।

# बजरंग दल ने मनाया सेवा सप्ताह

**बड़नगर/दैनिक मालावा हेराल्ड।**बजरंगदल के द्वारा मनाया सेवा सप्ताह विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत शिव मारुति मंदिर पाले पर स्थित समस्त कार्यकर्ताओं के साथ सफाई कार्य किया गया साथ ही बड़नगर स्थित मुक्तिधाम पर भी सेवा कार्य किया गया जिसमें उपस्थित बड़नगर प्रखंड अध्यक्ष सरवन जी शर्मा, प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख मदन गोस्वामी ,नगर सह मंत्री लोकेंद्र सरसोदिया, कार्यकर्ता नरेंद्र सतपाड़िया, मोगली योगी, एकलव्य शर्मा, दुर्गा वाहिनी कार्यकर्ता परिनिता गोसर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे उक्त जानकारी प्रखंड मंत्री विश्वास गोसर द्वारा दी गई।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित बैठक संपन्न

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर एक वर्च्यूअल मिंटिंग का आयोजन पुरे प्रदेश में उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव की अध्यक्षता मे रखा गया था । जिसमें आगामी माह में प्रदेश स्तर पर आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन के संदर्भ में बातचीत की गई । महविद्यालय में बैंठक जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पण्ड्या की उपस्थिति में आयोजित की गई । महाविद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मण चेलाणी भोपाल यात्रा पर होने से वर्च्युअल उपरोक्त बैठक में उपस्थित हुए। महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के प्रभारी सुनील उदीवाल ने बैठक के संदर्भ में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया बैठक में महाविद्यालय के श्री कांत गौरे, विकास आचार्य ,शुभम शर्मा आदि भी उपस्थित थे।महाविद्यालय के दौरे पर आये जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पण्ड्या को महाविद्यालय की समस्या के संदर्भ में पूर्व पार्षद अमीत राठौड़, छात्र नेता लोकेन्द्र सिंह पंवार, आदित्य सिंह राणावत, पकंज गौड़ ने अवगत कराया और अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पण्ड्या ने समिति के प्रभारी सुनील उदीवाल को शिघ्र ही समस्या निराकरण करने का कहा ।

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सरकार में मध्यप्रदेश शासन के समस्त शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी की प्रतिमा लगाने के निर्देश दिए गए थे

# प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रभारी प्राचार्या शहनाज खान को पार्षद नारायण मंडावलिया के नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन



**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरोद में शासकीय विक्रम महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए एक ज्ञापन प्रभारी प्राचार्या शहनाज खान को पार्षद नारायण मंडावलिया के नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की सरकार में मध्यप्रदेश शासन के समस्त शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी की प्रतिमा लगाने के निर्देश दिए गए थे उक्त निर्देश का पालन इस महाविद्यालय में अभी तक नही हुआ व प्रतिमा की स्थापना अभी तक नहीं हुई है, प्रदेश के अन्य सभी महाविद्यालय में प्रतिमा की स्थापना हो चुकी है हम सरकार की घोषणा का स्मरण कराते हुए निवेदन करते हे कि शीघ्र ही प्रदेश के अन्य कालेजो की दर्ज पर यहां भी राष्ट्रपिता गांधी जी की प्रतिमा लगाई जाए ज्ञापन देने में अरुण पाटीदार,शाहरुख खान,बिलाल खान,अनिल बैरागी,नितेश जैन मुकुंद कीर,दिनेश धाकड़ रोहित मंडावलीया राहुल शर्मा,जयप्रकाश मालवीय,महेश धाकड़ आदि उपस्थित रहे.

# संजीवनी फाउंडेशन विद्यालय खाचरोद की विभिन्न समस्याओं को लेकर सेठी को ज्ञापन से अवगत करवाया



जनभागीदारी अध्यक्ष अमित सेठी को ज्ञापन से अवगत करवाया

**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरोद में संजीवनी फाउंडेशन ने शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरोद की विभिन्न समस्याओं को लेकर माननीय जनभागीदारी अध्यक्ष अमित जी सेठी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया इस अवसर पर संजीवनी फाउंडेशन खाचरोद के कोषाध्यक्ष प्रांजल पांडेय घनश्याम राठौर सोनू चौधरी अनुराजसिंह सलमान खान नारायण बंबोरिया विजय गवरिया मोक्ष शर्मा उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश डे रा.ग्रा.आ.मिशन के स्वय सहायता समूह सदस्यों के दल को सीईओ जि.पं.झाबुआ ने हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया

**राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले उत्सव के लिए जिले के मध्य प्रदेश डे रा.ग्रा.आ.मिशन के स्वय सहायता समूह सदस्यों के दल को सीईओ जि.पं.झाबुआ ने हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया**




**झाबुआ /माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में 31मार्च 2023 को आयोजित होने वाले उत्सव झाबुआ जिले के मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के 50 स्वय सहायता समूह सदस्यों के दल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर कर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस दल के कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक और नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के समन्वय से करवाया जा रहा है।

# सीएम द्वारा कलेक्टर के कार्यों की प्रशंसा, लाड़ली बहना योजना में मंदसौर अव्वल, 68 जार से अधिक फॉर्म भराए

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लाड़ली बहना योजना के कार्य में मंदसौर जिला ई-केवाईसी की तरह योजना के फॉर्म सबमिट करने में भी प्रदेश में अव्वल है। जिले में लाड़ली बहना योजना मंगलवार शाम तक 68 हजार से अधिक फॉर्म सबमिट किए जा चुके है जिले में 2 लाख के करीब लाड़ली बहने है जिन्हें योजना का लाभ मिलना है। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने मंदसौर जिले द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंदसौर जिले में जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय और सराहनीय है। मंदसौर जिले में लाडली बहना योजना के संबंध में सुव्यवस्थित संचालन किया है। इसके लिए बधाई का पात्र है। आज मंदसौर जिला कार्य करने में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। मंदसौर जिले ने लाडली बहना योजना के 35.42 फीसदी आवेदन दर्ज कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस तरह 68 हजार 112 आवेदन दर्ज किए है। प्रदेश के किसी भी जिले ने यह आंकड़ा पर नहीं किया है।

मंदसौर जिले की कार्य योजना और प्लानिंग के संबंध में भी मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से कहा कि वे अपनी प्लानिंग और कार्य किस तरह से किया। इसके बारे में सभी 51 जिलों को बताएं, जिससे वे भी उसका अनुसरण करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिले के अधिकारी और विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया मौजूद रहे।

### कलेक्टर यादव ने ऐसे बनाई प्लानिंग

कलेक्टर दिलीप यादव ने बताया कि उन्होंने सेक्टर वाइज टीमें बनाकर मॉनिटरिंग के लिए करीब 100 अधिकारियों को मैदान में उतारा। वे हर सेंटर की सतत् मॉनिटरिंग कर रहे है। इसके बाद हर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रत्येक सेक्टर की समीक्षा कर रहे है। जहां की रिपोर्ट कमजोर मिलती है उस पर मंथन कर अगले दिन सुधार करते है। हमने हर ग्राम पंचायत स्तर से लेकर नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में लाड़ली योजना के ऑनलाइन फॉर्म जमा करने के लिए सेंटर बनाए है, ताकि कम समय में अधिक बहनों के फॉर्म तय समय मे जमा हो जाए।

# मारपीट करने वाले चार जनों को एक-एक वर्ष की कैद

**मंदसौर/दैनिक मालवा हरोल्ड।** न्यायिक मजिस्ट्रेट निकिता वाष्णेय की कोर्ट ने प्रभुलाल पिता भेरूलाल (46), शौकीन पिता राजमल कीर ( 26) , माधूलाल पिता भेरूलाल कीर (52) और मक्खन पिता राजमल कीर निवासी भुखी जिला मंदसौर को मारपीट के अपराध में दोषी पाते हुए 1-1 वर्ष के कठोर कारावास और 1-1 हजार का जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन सहायक मीडिया प्रभारी बलराम सोलंकी ने बताया की 26 जून 2017 को फरियादी कारूलाल ने थाने पर रिपोर्ट लिखाई कि आरोपी उसके मकान की निजी दीवार को खोद रहे थे मना करने पर आरोपीगण द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर लात घूंसो व लकड़ी से मारपीट की। मारपीट में फरियादी कारूलाल का हाथ फ्रेक्चर हो गया था। आरोपी ने फरियादी को जान से मारने की धमकी दी थी। आज तो बच गया आईंदा बोला तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मारपीट प्रकरण दर कर जांच के बाद चालान शीट कोर्ट में पेश की थी। मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए चारो आरोपियों को एक-एक वर्ष की सजा और जुर्माना लगाया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से सफल संचालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी संजय वसुनिया द्वारा किया गया।

## सार समाचार

### तुलाई के बाद गेहूं के तुरंत भंडारण की प्रक्रिया प्रारंभ करें-कलेक्टर यादव



**मंदसौर/दैनिक मालवा हरोल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ग्राम किशोरपुरा एवं उदिया में गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर यादव ने उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपार्जन से जुड़े सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसका विशेष ध्यान रखें। किसानों के लिये पर्याप्त मात्रा में बारदान का स्टॉक रखने, साइन बोर्ड, वजन मशीन अन्य तैयारियों के निर्देश दिए। उपार्जन केंद्रों पर पानी, छाया की उचित व्यवस्था करें। जैसे ही गेहूं की तुलाई हो इसके भंडारण की भी प्रक्रिया प्रारंभ कर दें। इस दौरान कलेक्टर यादव ने किसानों से भी चर्चा की। निरीक्षण के समय सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम सहित उपार्जन से जुड़े अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### दो महीने में 10 करोड़ लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाएगा ब्रह्माकुमारीज



**मंदसौर/दैनिक मालवा हरोल्ड।** नशा नाश की जड़ होता है इसीलिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मानव जीवन को नशे से मुक्त बनाने का संकल्प लिया और भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के साथ मिलकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चिकित्सा सेवा प्रभाग आने वाले 2 महीने यानी 31 मई विश्व तंबाकू दिवस के अवसर तक पूरे भारतवर्ष में करीब 10 करोड़ लोगों को नशे से मुक्त रहने का संकल्प दिलाएगा इस पावन भागीरथी प्रयास का प्रारंभ बुधवार से किया गया जिसके तहत स्थानीय आत्म कल्याण भवन द्वारा नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त मंदसौर जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी हेमलता दीदी ने नक्शे से मुक्त रहने की सभी को शपथ दिलाई।

# गुलाना तहसीलदार को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बनने पर दी विदाई

**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रशासनिक फेराबदली के साथ ही पद उन्नति का कार्य राज्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है इसी को लेकर गुलाना तहसीलदार राजाराम करजारे का भी पदोन्नति के साथ प्रभारी कलेक्टर के रूप में जिला ग्वालियर पर तबादला हुआ है जहां तबादला होने के बाद मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मेवाड़ा के साथी पूरी टीम द्वारा उक्त तहसीलदार का हार फूल माला के साथ पदोन्नति होने पर बधाई दी हुआ तबादला होने पर विदाई विधि इस दौरान मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह मेवाडा सलीम शेख ब्लॉक उपाध्यक्ष दीवान मेवाड़ा पंकज राठौर ब्लॉक मंत्री सुनील गोयल महासचिव किशोर नाथ राजगुरु सदस्य रोशन मेवाड़ा राजन गुजराती प्रेम साहू राजेश जयसवाल संजय नगर भरत प्रजापति सहित कई श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य मौजूद थे।



# सीतामऊ जनपद के रिश्वतखोर उपयंत्री को 4 वर्ष की कैद, बिल पास के बदले मांगे थे 2 लाख

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विशेष न्यायधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम किशोर कुमार गेहलोत मंदसौर द्वारा आरोपी प्रदीप कोल्हे उपयंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सीतामउ जिला मंदसौर को रिश्वत लेने का दोषी पाते हुए 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा बताया गया मामला इस प्रकार है कि 2 सितम्बर 2016 को फरियादी बीरमसिंह तोमर पिता लालजी ने लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में शिकायत आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया कि मैंने जनपद पंचायत सीतामऊ के अंतर्गत ग्राम बेटीखेडी से सुल्तानिया तक सडक निर्माण कार्य का ठेका पुल-पुलियाओं सहित अनुबंध कमांक 20/2015-16 के माध्यम से 51 लाख 22 हजार रूपये का लिया था। पीके कोल्हे उपयंत्री मेरी साईट पर आते रहते थे और उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हारा बिल स्वीकृत होने के बाद मुझे 2 लाख रूपये देने होंगे। इसी शर्त पर उन्होने मेरा 14,13,107- रूपये की राशि का बिल स्वीकृत करवाया था, जिसका भुगतान मुझे होने के पश्चात पीके कोल्हे उपयंत्री ने मुझसे कहा था कि तुम्हारे बिल का भुगतान मैंने करवा दिया है। इसलिए मुझे 2 लाख रूपये दे दो, इसमें से मुझे कुछ रूपये एसडीओ, उपसंभाग सीतामउ को भी देना है और उनका कमीशन भी मुझे ही दे दो, मै उनको दे दूंगा। साथ ही आगे तुम्हे किसी काम में परेशानी नही आने दूंगा। उन्होनें 4 सितम्बर 2016 को 2 लाख रूपये में से 1 लाख रूपये लेकर बुलाया और कहा मुझे फोन लगा देना तो मैं बता दूंगा कि रूपये लेकर कहां आना है। फरियादी 50 हजार रूपये लेकर आरोपी प्रदीप कोल्हे के निवास सीतामऊ पंहुचा जहां फरियादी ने आरोपी प्रदीप कोल्हे को रिश्वत की राशि 50 हजार रूपये दिये जिसे आरोपी ने गिनकर पंलग पर बिछी बेडशीट पर रख दिये। तत्पश्चात लोकायुक्त टीम ने आरोपी को पकड लिया और आरोपी के हाथ धुलाये गये जिससे पानी का रंग गुलाबी हो गया। मौके की संपूर्ण कार्यवाही पश्चात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन उप संचालक अभियोजन एसके जैन द्वारा किया गया।

### भानपुरा पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर बलात्कार के आरोपी को पकडा

**मंदसौर/दैनिक मालवा हरोल्ड।**भानपुरा थाना पुलिस ने 24 घंटे के दरमियान बलात्कार के आरोपी को पकड़ा है। आरोपी अनिल पिता जगदीश मेघवाल 23 वर्ष ने सात वर्ष की बालिका के साथ कुकृत्य किया था। पुलिस के अनुसार शिकायत मिली कि अनिल पिता जगदीश मेघवाल निवासी भानपुरा ने फरियादी की नाबलिग नाती का अपहरण कर उसके काम दुष्कर्म कर घटना के बाद से ही फरार हो गया है। इस पर थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास्तव ने टीम गठित कर छानबीन शुरू की। 24 घंटे के अंदर आरोपी अनिल को पकड़ा गया। वह अहमदाबाद में मजदूरी का काम करता है तथा फरार होकर अहमदाबाद भागने की तैयारी में था।

# मंदसौर के चार युवक चित्तौड़गढ़ में 41 किलो अफीम के साथ पकड़ाए

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राजस्थान की चित्तौगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश से गुजरात तक ले जा रहे 41 किलो अफीम जब्त की है। इस मामले में दो व्यक्ति और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए ही महिलाओं को उनके बच्चों के साथ गाड़ी में बैठा लिया गया। इसके लिए उनको 10 से 15 हजार रुपए दिए गए है। अफीम की कीमत लगभग 70 लाख रुपए की बताई जा रही है। मामला मंगलवाड़ थाना क्षेत्र का है।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि चित्तौडगढ-उदयपुर सिक्स लेन हाईवे रोड पर रॉयल गेस्ट हाउस के सामने पुलिस नाकाबन्दी कर रहे थी। नाकाबंदी के दौरान टोयोटा इटियोस कार आई, जिसे रुकवाया गया। कार में दो व्यक्ति और दो बच्चों सहित दो महिलाएं बैठी थी। शक होने पर कार की तलाशी ली गई। इस दौरान कार से 41.055 किलोग्राम अफीम पाई गई। नाम पूछने पर सभी ने अपना नाम मदारपुरा, मंदसौर, एमपी निवासी शमशुददीन उर्फ अन्नू (30) पुत्र मोहम्मद इब्राहिम, डाबडा, हथूनिया प्रतापगढ निवासी ओमप्रकाश (33) पुत्र मांगीलाल दमामी, कचनारा, दलौदा, मंदसौर हाल पदमावती रिसोर्ट के पास, मंदसौर निवासी राजू (26) पत्नी ईश्वर लाल मोग्या, रावण रोड, खानपुरा, मंदसौर हाल अभिनंदन कॉलोनी, नई आबादी, मंदसौर निवासी प्रीति मालीवाल (32) पत्नि पवन मालीवाल नामदेव बताया। एसपी दुष्यंत ने बताया कि पूछताछ में पता चला की शमशुददीन मुख्य आरोपी है और इससे पहले भी तस्करी कर चुका है। पुलिस को शक ना हो इसलिए महिलाओं को भी शामिल किया है। इस बात का भी ध्यान रखा गया कि महिलाओं के बच्चे भी हो। यह महिलाएं अपने अपने बच्चों को लेकर आई थी। इनमें से एक महिला पहले भी जा चुकी है। उनको 10 से 15 हजार रुपए उनके साथ जाने के लिए दिया गया है।

# तीन बाईक पर आए बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट से लूटे 25 हजार

### – युवक की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच

**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपनी कंपनी के लिए कलेक्शन का काम करने वाले एक युवक को 6 बदमाशों ने अपना शिकार बनाया, जिसके पास से बदमाशों ने 25 हजार रू. नगदी और युवक का मोबाइल सहित उसके महत्वपूर्ण कागज उड़ा लिए। इसके पहले बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट भी की। सूचना मिलने पर अकोदिया और सलसलाई की पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।जानकारी के अनुसार क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड कंपनी का कलेक्शन एजेंट जगदीश पिता गोरधन गोस्वामी हर बार की तरह कंपनी का कलेक्शन करके वापस लौट रहा था। इसी बीच अकोदिया-केवड़ाखेड़ी जोड़ पर तीन बाईक पर आए तीन बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट की और उसकी बाईक पर रखा बैग उड़ाकर ले गए। उस बैग में युवक का मोबाइल और कलेक्शन की रकम सहित जरूरी कागजात थे। युवक ने बताया कि उसने उनका भैंसरोद जोड़ तक पीछा भी किया लेकिन वे लोग वहां से भाग गए। इसके बाद युवक ने किसी व्यक्ति को रोककर उससे मदद मांगी और उसके मोबाइल से अपनी कंपनी के किसी कर्मचारी को फोन किया, जिसने अपनी कंपनी के अधिकारियों को इस बारे में बताया। जिनकी शिकायत पर अकोदिया और सलसलाई थाने की पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर वहां का बारीकी से निरीक्षण किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल बड़नगर के विद्यार्थियों को इंस्पायर अवार्ड की स्कॉलरशिप प्रदान की गई




**बडनगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इनोवेशन इन साइंस परसूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च (इंस्पायर) योजना विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। INSPIRE अवार्ड्स - MANAK (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशंस एंड नॉलेज), DST द्वारा नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन - इंडिया (NIF), ष्ठस्ञ की एक स्वायत्त संस्था के साथ निष्पादित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को कक्षा 6 से 10 में पढ़ने के लिए प्रेरित करना है। संस्था का उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच रचनात्मकता और नवीन सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और सामाजिक अनुप्रयोगों में निहित एक मिलियन मूल विचारों/नवाचारों को लक्षित करना है। इस योजना माध्यम से छात्रों के 5 सर्वश्रेष्ठ मूल विचारों/नवाचारों को नामांकित कर सकते हैं।विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल बड़नगर के 3 विद्यार्थी प्रियल प्रजापति वृंदा पवार एवं सात्विक बाहेती का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए हुआ।इस योजना के अंतर्गत विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के 3 विद्यार्थियों का चयन ?10000 की स्कॉलरशिप के साथ हुआ है संस्था के चेयरमैन श्री मनोज जी संगतानी द्वारा विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर भूरी भूरी प्रशंसा की गई तथा संस्था प्राचार्य श्रीमती इंदु पंजाबी द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मानस भवन में आज मनेगा भव्य राम जन्मोत्सव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानस भवन क्षीरसागर पर आज 30 मार्च को दोपहर 11.30 बजे भव्य राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मानस भवन में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा में भागवताचार्य पं. सुधीर पंड्या ने बुधवार को कथा में कहा कि राम का चरित्र ऐसा केवल मुद्राओं से, अभिनव के माध्यम से राम चरित्र कह दिया जाता है। राम आदर्श है और सबके आराध्य है। विश्व में जहां जहां मानवता है उन सबको प्रभावित करने वाले राम है। आज व्यास पीठ की पूजा राधेश्याम पाटीदार, पं. संजय व्यास, वेदप्रकाश, दिनेश जोशी ने की। मानस भवन में होने वाले राम जन्मोत्सव महोत्सव में भक्तों से शामिल होने का अनुरोध दिनेश सुखनंदन जोशी, मनमोहन मंत्री, संजय बजाज, झानू भूतड़ा ने किया है।

# राम, रामायण ओर रामनवमी सिर्फ हिन्दू धर्म में ही नहीं वल्कि जैन, बौद्ध साहित्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है

### मुस्लिम देश इण्डोनेशिया के मुस्लिम पात्र खेलते हैं बेहतरीन रामायण

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापुरुषों का जीवन किसी एक समाज, जाती, धर्म अथवा देश का नहीं होता। उसका जीवन चरित्र तो हर किसी को प्रभावित करता है और लोग उसकी अच्छाइयों का अनुकरण करते हैं। यही कारण है कि भारत में जन्मे बुद्ध को भारत से ज्यादा विदेशी मानते हैं, विनाश के मुहाने पर बैठी दुनिया को महावीर के सत्य अहिंसा के सिद्धांतों अधिक महत्वपूर्ण लग रहा फिर चाहे महावीर की जन्म भूमि पर कत्लखाने पर कत्लखाने खुल रहे हो ऐसा ही मर्यादा पुरुषोत्तम राम के साथ भी है। भारत में कुछ लोग उनके होने नहीं होने पर प्रश्न उठाते हैं या उन्हें विदेशी आक्रमणकारी बताने में जरा भी शर्म का अनुभव नहीं करते हो और उनके मंदिर बनाने में सैकड़ों वर्षों की लंबाई लड़नी पड़ती है पर उन्हें और उनकी रामायण को कई देश बड़े चाव से पढ़ते हैं, उनका अनुसरण करते हैं और यहां तक कि मुस्लिम देश इंडोनेशिया के लोग तो उसे गीता जैसा सम्मान भी देते हैं वहां पर रामायण को काकविन रामायण कहा जाता है। राम पर भारत से ज्यादा डाक टिकट विदेशों में निकले हैंउक्त जानकारी देते हुए डाक टिकट संग्राहक ओम पाटोदी ने बताया किभारत के अलावा नेपाल, इंडोनेशिया, कम्बोडिया, थाईलैण्ड, लाओस, सूरीनाम, वियतनाम आदि देशों द्वारा भी भगवान राम एवं रामायण से संबंधित डाक टिकट जारी किये हैं।




पाटोदी ने बताया कि राम और रामायण महाकाव्य केवल भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में पसन्द की जाती है, सूरीनाम, फिजी, गुयाना, मॉरीशस, वेस्टइंडीज आदि देशों के प्रवासियों ने रामायण को अपने हृदय में बसाया है, इतना ही नहीं इन देशों में प्रमुख इंडोनेशिया, थाईलैंड, कम्बोडिया, बर्मा, लाओस, मलेशिया, नेपाल, श्रीलंका आदि देशों में सिर्फ रामायण पढ़ी ही नहीं जाती यहां तक की रामलीला खेली भी जाती है। जैन और बौद्ध साहित्य की बात करें तो यहां भी राम के संबंध में प्रचुर साहित्य उपलब्ध है। जैन साहित्य में राम कथा सम्बन्धी कई ग्रंथ लिखे गये, जिनमें मुख्य विमलसूरि कृत 'पउमचरियं' (प्राकृत), आचार्य रविषेण कृत 'पद्मपुराण' (संस्कृत), स्वयंभू कृत पउमचरिउ (अपभ्रंश), रामचंद्र चरित्र पुराण तथा गुणभद्र कृत उत्तर पुराण (संस्कृत)। जैन परम्परा के अनुसार राम का मूल नाम 'पद्म' था।

### नगर अमझेरा में सजा राम दरबार, धूम धाम से मनेगा रामनवमी पर्व



**अमझेरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड/आशीष पंचोली।** नगर अमझेरा में रामनवमी को लेकर मन्दिरो में तैयारी पूरी हो चुकी है राम दरबार सज गया है चैत्र नवरात्रि की नवमी को राम नवमी के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि नौ दिनों का त्योहार है जो पूरे देश में व्यापक रूप से मनाया जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता, इसे रामनवमी कहते हैं। इस दिन भगवान श्रीराम के बाल रूप का भव्य श्रंगार किया जाता है नगर के बस स्टैंड स्तिथ प्राचीन राम मंदिर में विद्युत सज्जा की गई है साथ ही फुल बंगले का भी निर्माण किया जाएगा और भगवान श्री राम का आकर्षक श्रंगार कर महाआरती की जाएगी साथ ही श्री राम चौक स्तिथ राम मंदिर नगर में आकर्षक का केंद्र बना हुआ है चारो तरफ हरियाली से घिरा हुआ पत्थरो की कलाकृति से नव निर्माण मन्दिर दर्शनार्थियों को लुभा रहा है मंदिर के राहुल शर्मा ने बताया की रामनवमी पर्व धूम धाम से मनाया जायेगा भगवान श्री राम को छप्पन भोग लगाया जाएगा साथ ही लस्सी की महाप्रसादी बाटी जायेगी!


## कार्यालय नगर परिषद बदनावर जिला धार (म.प्र.)

क्रमांक 782/नामांतरण/राजस्व/2023 बदनावर दिनांक 28/03/2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.न.पा. (अचल सम्पत्ति का अंतरण) 2016 के अधीन निम्नलिखित प्रपत्र में अंकित व्यक्ति द्वारा अपना नामातंरण चाहा है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति की आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर मय प्रमाण के इस कार्यालय में प्रस्तुत की जावे जो बाद अवधी समाप्ति के कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्रं. | प्रकरण क्रं. | पता | दुकान क्रं. | नगर परिषद में दर्ज भूमि/ भवन स्वामी का नाम व पता | हस्तांतरित का नाम व पता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | आन्नदेश्वर मंदिर के पास लक्ष्मीबाई मार्ग, बदनावर | 4 | श्री ललीत कुमार पिता सत्यनारायण मारू निवासी बदनावर | श्री शिवम पिता गोपाल शर्मा निवासी बदनावर | अनुबंध पत्र आधार पर |
| 2 | 2 | इंदिरा गार्डन नागेश्वर मार्ग पेटलावद रोड़ बदनावर | 10 | श्री सुनील पिता राधेश्याम पाटीदार निवासी ग्राम खेड़ा, तह. बदनावर | श्री राहुल पिता ईश्वरलाल जाट निवासी खेड़ा तह. बदनावर | अनुबंध पत्र आधार पर |

मीना शेखर यादव
अध्यक्ष
नगर परिषद बदनावर

भागवंता बाई पति शंकरलाल
राजस्व सभापति
नगर परिषद बदनावर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बदनावर

# सम्पादकीय

## राहुल के जरिए विपक्षी एकता

राहुल गांधी की सांसदी रद्द किए जाने के तुरंत बाद ही विपक्षी एकता के शुरुआती संकेत मिलने लगे हैं। हालांकि यह अंतिम स्थिति नहीं है और औपचारिक गठबंधन फिलहाल बहुत दूर है, लेकिन जो बदलाव सामने दिखे हैं, वे भी महत्त्वपूर्ण हैं। करीब एक साल के अंतराल के बाद तृणमूल कांग्रेस ने अपने दो सांसदों को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े की बैठक में भेजा। हालांकि तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने अपने संसदीय दल के नेताओं को बैठक से दूर ही रखा है, लेकिन घुटनों ने पेट की ओर मुड़ना शुरू कर दिया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं 'भारत राष्ट्र समिति' (बीआरएस) के अध्यक्ष चंद्रशेखर राव की, कांग्रेस के प्रति, तल्खी और विमुखता कुछ कम हुई है। उन्हें एहसास हो गया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली सरकार के 'शराब घोटाले' में उनकी बेटी कविता को फंसा सकता है, लिहाजा वह जांच एजेंसियों के पूर्वाग्रह और दुरुपयोग से अकेले नहीं लड़ पाएंगे। लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की सांसदी खत्म करने का आदेश जारी किया, तो 'आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की प्रतिक्रिया सबसे आक्रामक थी। हालांकि माना जाता है कि कांग्रेस राजनीति में जो 'शून्य' पैदा कर रही है, 'आप' वहीं विकल्प देने की कोशिश कर रही है। कुछ महत्त्वपूर्ण सफलताएं भी मिली हैं। राहुल के मुद्दे पर केजरीवाल का मूड कुछ बदला है, लिहाजा 'आप' के नेता भी विपक्षी खेमे में दिखने लगे हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी राहुल गांधी के पक्ष में बयान देते हुए लगभग वही जुबां बोली है, जो कांग्रेस और उसके सनातन विपक्षी साथी दल बोलते रहे हैं। सोमवार को नेता विपक्ष खडग़े के नेतृत्व में, काले कपड़े पहन कर, विपक्ष ने 'ब्लैक प्रोटेस्ट' किया और विजय चौक तक मार्च किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद सोनिया गांधी भी काली साड़ी पहन कर सडक़ पर उतरीं। खडग़े द्वारा आयोजित रात्रि-भोज में 17 विपक्षी दलों के नेताओं ने शिरकत की। साझा एहसास होने लगा है कि यदि 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को तगड़ी टक्कर देनी है, तो विपक्ष को अपने बौने मतभेद भुलाने होंगे और भविष्य की व्यापक राजनीति पर सोचना, चिंतित होना पड़ेगा। विपक्षी एकता का पहला संकेत कर्नाटक से मिल रहा है कि कांग्रेस और जद-एस के बीच अनौपचारिक गठबंधन लगभग तय है। औपचारिक मुहर बाद में लगेगी, लेकिन वे साझा तौर पर चुनाव में उतरेंगे और उम्मीदवार भी साझा होंगे। उनका आकलन है कि भाजपा को पराजित भी किया जा सकता है।

बहरहाल राहुल गांधी के संदर्भ में एक महत्त्वपूर्ण फैसला लोकसभा की आवास समिति ने लिया है कि पूर्व सांसद को सरकारी बंगला 22 अप्रैल तक खाली करना होगा। राहुल गांधी 2005 से 12, तुग़लक लेन वाले बंगले में रहते हैं। चूंकि उन्हें 'ज़ेड प्लस' सुरक्षा प्राप्त है, लिहाजा नया आवास सुरक्षा की दृष्टि से भी देखना होगा और सुरक्षा बल की सलाह भी महत्त्वपूर्ण होगी। दूसरे संकेत चुनाव आयोग से आ रहे हैं कि वह राहुल गांधी की खाली लोकसभा सीट-वॉयनाड-में उपचुनाव की शीघ्र ही घोषणा कर सकती है। राजनीति कांग्रेस और भाजपा दोनों के ही स्तर पर 'राष्ट्रीय' होने जा रही है, क्योंकि दोनों के आंदोलन देश भर में किए जाने हैं। आश्चर्य यह है कि राहुल गांधी ने निचली अदालत के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती क्यों नहीं दी? प्रियंका गांधी के कुछ बयान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आए हैं और प्रियंका ने चुनौती दी है कि उनके खिलाफ केस दर्ज कराया जाए। विपक्ष के 14 दलों ने ईडी और सीबीआई के खिलाफ एक याचिका सर्वोच्च अदालत में दी है। कांग्रेस नए सवाल उठा रही है कि अब ईपीएफओ का पैसा भी अडानी समूह की कंपनियों में क्यों निवेश किया जा रहा है?

### रामनवमी विशेष

## नवरात्रि की नवमी तिथि - माँ के सिद्धिदात्री स्वरूप व श्री राम के जन्म का अनूठा संयोजन

**जोग लगन ग्रह वार तिथि, सकल भये अनुरूप**
**चर अरु अचर हर्षजुत, राम जन्म सुखमूल**
**बाल कांड (190)**



यानि, योग, लगन, ग्रह, वार और तिथि सब अनुकूल हो गये.. जड़ और चेतन हर्ष से भर गये और यही श्री राम के जन्म सुख का मूल है। पवित्र चैत्र मास, नवमी तिथि जब माँ सिद्धिदात्री की उपासना का योग है, शुक्ल पक्ष और अभिजित मुहुर्त। यह एक ऐसा समय है, जब ना अधिक सर्दी पड़ती है ना गर्मी, मानव सुख में रहता है, प्रकृति शांति देने वाली स्थिति में होती है और मां सिद्धिदात्री के पूजन का चैतन्य कण कण में भरा होता है, तब ही बना श्री राम के जन्म का योग। आज के दिन माँ सिद्धिदात्री की आराधना करते हुए भक्त हर प्रकार की सिद्धि हेतु प्रार्थना करते हैं, वहीं श्री राम का जन्मदिन श्री राम के अच्छे गुणों को आत्मसात करने हेतु मानव को प्रेरित करता है। जहाँ माँ सिद्धिदात्री साहस व शक्ति की प्रतीक हैं वहीं श्री राम मर्यादा के प्रतीक। माँ सिद्धिदात्री की उपासना से सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, जिससे मानव के लिए संसार में कुछ भी असंभव नहीं रहता। श्री राम की उपासना एक अच्छा इंसान बनने का सच्चा योग है। जब एक आदर्श पुत्र, भाई, स्वामी, मित्र, निति कुशल राजनेता व पिता के सर्वगुण मानव में स्थित होते हैं, तभी वह मर्यादा पुरुष कहलाता है। श्री राम के सदगुण जब हमारे अंदर स्थित होते हैं तब अज्ञान जैसी सबसे बड़ी कमजोरी नष्ट हो जाती है। माँ जगदंबा का आशीर्वाद व श्री राम के सद्गुणों को अपने अंदर स्थापित करना आसान है- मार्ग है सहज योग। हमारे अंतर के सूक्ष्म शरीर के अनहद चक्र के मध्य में जगदंबा अपने हर स्वरूप में विराजमान हैं और इस चक्र की दाहिनी ओर श्री रामचंद्र व माता सीता का स्थान है। जो हमारे अंदर ही व्याप्त है, उन्हें पाना क्या...वे तो अंदर है ही। बस पाने का तरीका पता होना चाहिए और यह तरीका है सहज योग।बात समर्पण की है सहज योग समर्पण का आसान मार्ग है।अनहद चक्र को हृदय चक्र भी कहते हैं। जब हृदय संकीर्ण होगा तो हम उसमें ईश्वर का चैतन्य कितना भर पायेंगे। अतः हृदय को विशाल करना होगा। जब हमारा चित्त हमारे अंदर होता है, तब ईश्वरीय चैतन्य का प्रवाह हमें यथार्थ की अनुभूति देता है। हमने आठ दिन माँ देवी के विभिन्न स्वरूपों व गुणों की आराधना की है, आज के दिन अपनी अज्ञानता पर पूर्णरूपेण विजय पाना है, स्वयंसिद्ध बनना है। यही माँ दुर्गा और श्री राम का संदेश है। तो चलिए सहज योग से जुडते है, जो सदैव व सर्वथा निशुल्क है। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# दशहरे पर दुर्भाग्य पर विजय पाने के विशेष उपाय...

धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ**
**श्री रामानुज**

दशहरे पर सर्वकार्य सर्वसिद्धि वाला विजय मुहूर्त होता है। इस दिन कोई कार्य विशेष करते समय यदि बताए गए उपाय अपनाएं तो अत्यंत लाभ होता है।

आइए बताते हैं दशहरे पर दुर्भाग्य पर विजय पाने के विशेष उपाय।

हर जगह विजय हेतु विशेष उपाय - देवी पूजन कर उन पर 10 फल चढ़ाकर गरीबों में बाटें। सामाग्री चढ़ाते समय 'ॐ विजयायै नमः' का जाप करें।

ये उपाय मध्याह्न शुभ मुहूर्त में करें। निश्चित ही हर क्षेत्र में विजय मिलेगी।

ऐसा माना जाता है कि श्रीराम ने भी रावण को परास्त करने के बाद मध्यकाल में पूजन किया था।

कैसे करें दशहरा पर पूजा और इस दिन क्या करें कि जीवन में हो खुशहाली और धन का हो आगमन

दशहरे का समय बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। यह समय पूजा, साधना और ज्योतिष उपाय के लिए उपयुक्त माना गया है।

**आओ जानते हैं कि दशहरे की पूजा कैसे करें और क्या करें कि लाभ ही लाभ हो।**

### दशहरा पूजा -

1. दशहरा के पूजा अभिजीत, विजयी या अपराह्न काल में की जाती है।
2. घर के ईशान कोण में पवित्र और शुभ स्थान पर यह पूजा करें।
3. उस स्थान को स्वछ करके चंदन का लेप करके 8 कमल की पंखुडियों से अष्टदल चक्र बनाएं।
4. अब संकल्प मंत्र का पाठ करें और देवी अपराजिता से परिवार की सुख और समृद्धि की कामना करें।
5. अब अष्टदल चक्र के मध्य में 'अपराजिताय नमः' मंत्र के साथ मां देवी की प्रतिमा विराजमान करके उनका आह्वान करें।
6. अब मां जया को दाई और और विजया को बाई और विराजमान करके उनके मंत्र क्रियाशक्त्यै नमः और उमायै नमः से उनका आह्वान करें।
7. अब तीनों माताओं की शोडषोपचार पूजा करें। इसमें 1. पाद्य 2. अर्घ्य 3. आचमन 4. स्नान 5. वस्त्र 6. आभूषण 7. गन्ध 8. पुष्प 9. धूप 10. दीप 11. नैवेद्य 12. आचमन 13. ताम्बूल 14. स्तवन पाठ 15. तर्पण 16. नमस्कार किया जाता है।
8. शोडषोपचार में अपराजिताय नमः, जयायै नमः, और विजयायै नमः मन्त्रों का उच्चारण किया जाता है।
9. उक्त पूजा के बाद श्रीराम और हनुमानजी की पूजा भी करें।
10. अंत में माता की आरती उतारकर सभी को प्रसाद बांटें।
11. आरती के बाद माता से क्षमा मांगे और कहें कि हे देवी माँ! मैनें यह पूजा अपनी क्षमता के अनुसार संपूर्ण की है। जाने अनजाने मुझसे कोई गलती हुई हो तो क्षमा करें और जाने से पूर्व मेरी पूजा स्वीकार करें। पूजा संपन्न होने के बाद प्रणाम करें।
12. हारेण तु विचित्रेण भास्वत्कनकमेखला। अपराजिता भद्ररता करोतु विजयं मम। मंत्र के साथ पूजा का विसर्जन करें।
13. अब सभी कन्याओं की पूजा करके उन्हें भोजन कराएं और दान दक्षिणा देकर उन्हें प्रसन्नता से विदा करें।
14. इसके बाद सभी परिवार के सदस्य भोजन करें और अंत में रावण दहन के लिए बाहर जाएं।
15. रावण दहन के बाद लौटकर शमी की पूजा करें और सभी को शमी के पत्ते बांटने के बाद बच्चों को दशहरी दें।
16. माता की पूजा के बाद सैनिक या योद्धा लोग शस्त्रों की पूजा करते हैं, पूजा पाठ करने वाले पंडितजन मां सरस्वती और ग्रंथों की पूजा करते हैं। व्यापारी लोग अपने बहीखाते और माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं और अन्य लोग अपने औजारों की पूजा के साथ माता पार्वती और काली की पूजा करते हैं।

### ये काम करेंगे तो होगा लाभ ही लाभ

1. इस दिन विजयी मुहूर्त में शास्त्र पूजा करने से शत्रुओं का नाश हो जाता है।
2. इस दिन शमी के पेड़ की पूजा करने से शनिदोष से मुक्ति मिलती है। जड़ के पास मिट्टी रखने से बुरी शक्तियों का असर समाप्त हो जाता है।
3. इस दिन की दशहरे की पूजा में शमी के पत्ते को अर्पित करने से आर्थिक लाभ होता है।
4. इस दिन नीलकण्ठ पक्षी के दर्शन होने से सौभाग्य के द्वार खुल जाते हैं और धन लाभ होता है।
5. इस दिन घर के ईशान कोण में रोली, कुमकुम या लाल रंग के फूलों से अष्ट कमल की आकृति बनाने से देवी मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और धन का आगमन होता है।

### इस बार दशहरे पर अपनी राशि के अनुसार बोले श्रीराम का यह नाम, करें कुछ खास उपाय

दशहरे के दिन अपनी-अपनी राशि अनुसार देवता का पूजन करने से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता मिलती है।

**आइए जानें 12 राशियों के अनुसार इस दशहरे पर कैसे करें पूजन...**

मेष राशि के जातक श्रीराम का पूजन करें, ॐरामभद्राय नमः मंत्र का जाप करें।

वृषभ राशि के जातक हनुमानजी का पूजन करें, ॐआञ्जनेयाय नमः मंत्र का जाप करें।

मिथुन राशि के जातक राम दरबार पर बेसन के लड्डू चढ़ाएं।

कर्क राशि के जातक श्रीसीता-राम को मीठा पान चढ़ाएं।

सिंह राशि के जातक श्रीराम पूजन कर ॐ जनार्दनाय नमः मंत्र का जाप करें।

कन्या राशि के जातक हनुमान पूजन कर 'ॐ शर्वाय नमः' मंत्र का जाप करें।

तुला राशि के जातक राम दरबार पर शहद चढ़ाएं।

वृश्चिक राशि के जातक हनुमानजी पर चमेली का इत्र चढ़ाएं।

धनु राशि के जातक तुलसी पत्र हाथ में लेकर ॐ दान्ताय नमः का जाप करें।

मकर राशि के जातक श्रीसीता-राम पर मौली चढ़ाएं।

कुंभ राशि के जातक हनुमान मंत्र ॐ वायुपुत्राय नमः का जाप करें।

मीन राशि के जातक श्रीराम दरबार पर मेहंदी चढ़ाएं।

30 मार्च 2023-नवमी के दिन किन राशियों पर होगी प्रभु श्रीराम और मां दुर्गा की कृपा, पढ़ें गुरुवार का दैनिक राशिफल

**मेष राशि**

**आज का भविष्य** - वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**उपाय-आज जातक पीपल के वृक्ष में दिया जलाएं, अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-नीला**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** - पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें। विवाद में न पड़ें।

**उपाय-आज घर में धूप दिखाएंगे तो सकारात्मकता बढ़ेगी।**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-हरा**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य** - बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**उपाय-आज जातक चांदी का सिक्का खरीदेंगे तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-गुलाबी**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य** - थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**उपाय-जातक आज सोने का आभूषण आपको लाभ देगा।**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-जामुनी**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** - विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें। हानि संभव है।

**उपाय-जातक आज केले का पेड़ लगाएँ।**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-गुलाबी**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** - उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

**उपाय-जातक आज घर के मंदिर की सफाई करेंगे तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-हरा**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य** - स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**उपाय-आज जातक सुंदरकांड पढ़ेंगे तो धन की कमी दूर होगी।**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-लाल**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य** - दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**उपाय-जातक आज विष्णुसहस्त्रनाम का जाप करें।**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-हरा**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य** - लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा।

उपाय-जातक आज गायत्री मंत्र का जाप करें लाभ होगा।

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-लाल**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** - वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा।

**उपाय-जातक आज सोना और चांदी घर लाएं**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-पीला**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** - चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा।

**उपाय-जातक आज के दिन कपड़े की खरीदारी करें।**

**शुभ अंक-6**
**शुभ रंग-सफेद**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य** - बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा।

**उपाय-जातक सूर्य मंत्र का जाप करते हुए जल चढ़ाएं।**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-आसमानी**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।**

# प्रकृति के इशारों को समझिए, गर्मी और उच्च तापमान से मानव जाति और प्रकृति को बड़ा खतरा



संजीव ठाकुर

ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला हैद्य जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना, पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

### कामयाबी

*तू कदम बढ़ा तो सहीं एक दिन मंजिल मिल जायेगा*
*पतवार चला तो सहीं कश्ती साहिल पे पहुँच जायेगा।*

*लहरों से डरकर किनारे पर खड़े रहने से क्या होगा ?*
*समुद्रातल में गोताखोर बन उतर मोती निकाल लायेगा।*

*तैरना है तो धारा के संग नहीं धारा के विपरीत तैरो*
*तीव्र वेग की धारा को एक दिन चीरना सीख जायेगा।*

*पतझड़ से निराश क्यों होता है रे पगले ! इस तरह ?*
*बसंत को आने तो दे शाख पे नवपल्लव खिल जायेगा।*

*झोंक कर देख स्वयं को श्रम की भट्ठी में फिर देखना*
*तपकर एक दिन तेरा भी चमक कुंदन सा बढ़ जायेगा।*

*जो लोग कर रहे नजरअंदाज तुझको इतना आज ?*
*पाने को झलक तेरी एक दिन रख यकीं तरस जायेगा।*

*तेरी बुलंदी को देखने एक दिन होंगी लम्बी कतारें*
*कामयाबी का सूरज जब गगन पर निकल आयेगा।*

*हाथ की लकीरों और भाग्य पे यकीं करना छोड़ दे*
*कठिन परिश्रम ही तुझे कामयाबी के शिखर पे पहुँचायेगा।*

**- डिकेश दिवाकर**

### मैं अभिशाप या वरदान?(लेस्बियन)

*बीत रहा बचपन, मैं खुद से अनजान रही,*
*स्पंदन के तारों को, मैं खुद ही पहचान रही,*
*मेरी हम उम्र सखी, मुझे अत्यधिक प्रिय लगी,*
*पृष्ठभूमि जानकर मेरी, दिल्लगी ना करे कोई,*
*मुझे नफरत नहीं है मर्दों से, पर उनकी स्पर्श की कल्पना, लगती है मुझे लिजलिजी (घिनौनी)*
*नहीं हुआ मेरे साथ कोई अपराध, मन की छुअन हुई हो कभी (पुरुष) मुझे नहीं है याद,*
*मेरी प्रिय सखी, बनी प्रेयसी अठारह के बाद,*
*मन से मन के तार जुड़े, इसमें भी कुदरत का है हाथ,*
*रचनाकार की भूल हूं मैं, या समाज के लिए अभिशाप,*
*कुंठित मन और द्रवित हृदय से, मां को समझाया करती सामान्य हूं इंसान ही हूं, तुझे किस बात का पश्चाताप,*
*घुट-घुट के मर जाऊंगी, अगर मां तेरा भी साथ ना मिले,*
*अंतर्मन की करुण पुकार, मुझे मेरे अस्तित्व में रहने दे!*

**-रत्ना मजूमदार**

7 दिनों में कमियों का पूरा करें, फिर होगा वेतन आहरण

# स्वास्थ्य विभाग को मापदंडों में अव्वल रहने की आदत बनाने की हिदायत

पहले स्टडी करने और फिर नवाचार प्रारम्भ करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश




**खरगोन/देनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा स्वास्थ्य मापदंडों पर खरा उतरते हुए अव्वल बने रहने की आदत बनाएं। साथ ही सीएमएचओ, सिविल सर्जन, बीएमओ और डीपीएम को अमले पर नियंत्रण और खास तौर पर निगरानी करने के भी निर्देश जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए। इसके अलावा बैठक में प्रस्तुत डेटा में जो कमियां है उनको 7 दिनों में पूर्ण कराएं इसके बाद ही वेतन आहरण करें। अनमोल पोर्टल के अलावा विभागीय पोर्टल पर एएनसी रजिस्ट्रेशन, तिमाही जांच, 4 थी जांच पंजीयन तथा मोडरेट एनिमिक माताओं की इंट्री करने में कई कमियां पायी गई। पहली तिमाही में एएनसी जांच में भीकनगांव ने 2884, गोगांवा ने 2014 और झिरन्या द्वारा सबसे कम 1426 रजिस्ट्रेशन किया। बीएमओ झिरन्या पर नाराजगी व्यक्त की गई। कमी पाये जाने पर उनके स्तर से एएनएम या बीपीएम या जिम्मेदार पर की गई कार्यवाही के सम्बंध में बीएमओ को जवाब नहीं दे सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा, सीएमएचओ डॉ. डीएस चौहान, सिविल सर्जन डॉ. अमरसिंह चौहान, सभी बीएमओ, महिला एवं बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हेमेंद्र वडनेरकर और विभाग के बीपीएम व बीसीएम उपस्थित रहे।

### कुपोषित बच्चों में सुधार के लिए पहले अध्ययन करेगा विभाग, फिर प्रारम्भ होगा नवाचार

कलेक्टर श्री वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि बड़वानी में एनआरसी में आने वाले बच्चों को ड्राय फरूट के अलावा आवश्यक पौष्टिक सामग्री प्रदान की जाती थी। साथ ही वहां निगरानी और रिपोर्टिंग सिस्टम भी बनाया गया था। उसके अनुरूप अध्ययन करें। इसके बाद खरगोन में भी यहां की व्यवस्थाओं और आवश्यकताओं को देखते हुए नवाचार प्रारम्भ किया जाएगा। जिले की 9 विकासखंडों में एक साथ नहीं हो सके तो पहले झिरन्या और भगवानपुरा में करके देखा जाएगा।

### पहाड़ी प्रसव केंद्रों पर डिलेवरी की बेहतर स्थिति

बैठक के दौरान प्रसव केंद्रों पर डिलेवरी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिले में 16 क्रियाशील प्रसव केंद्रों में सिरवेल में 380, पिपलझोपा में 251,रायलबेडा में 237,चिरिया में 208 डिलेवरी हुई। जबकि मुलथान में 26, मोहना में 60, पिपलगोंन में 79 डिलेवरी हुई है। बैठक के दौरान सिकलसेल अनीमिया, मातृ व शिशु मृत्यु दर, पोषण पुनर्वास केंद्र,राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण, टीकाकरण आदि विषयों की समीक्षा की गई।

# राम नवमी पर चल समारोह के दौरान खरगोन शहर में दण्डाधिकारी नियुक्त

**खरगोन/देनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 30 मार्च गुरूवार को राम नवमी पर चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने राम नवमी पर चल समारोह के दौरान कानून व्यवस्था के नियंत्रण व निगरानी के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में खरगोन शहर में राम नवमी चल समारोह के दौरान तालाब चौक में अपर कलेक्टर श्री केके मालवीय एवं भगवानपुरा तहसीलदार श्री मुकेश मचार को कार्यपालिक दंडाधिकारी नियुक्त किए है जो कर्तव्य स्थल पर मौजूद रहेंगे। वहीं पुलिस कोतवाली कंट्रोल रूम के लिए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिराली जैन, संपूर्ण चल समारोह में कानून व्यवस्था के प्रभारी खरगोन एसडीएम श्री ओएन सिंह होंगे। इसके अलावा दांगी मढी खरगोन में गोगांवा तहसीलदार श्री रामकृष्ण अहिरवार, सम्पूर्ण चल समारोह में रथ के साथ खरगोन तहसीलदार श्री योगेन्द्रसिंह मौर्य, चल समारोह के आगे नायब तहसीलदार खरगोन श्री महेन्द्रसिंह दांगी को कर्तव्य स्थल के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी बनाया गया है। वहीं अनाज मंडी से सराफा बाजार तक कसरावद तहसीलदार श्री रमेश सिसोदिया, झंडा चौक से किला गेट के लिए महेश्वर तहसीलदार श्री मुकेश बामनिया, श्रीकृष्ण टॉकिज से बिस्टान रोड़ तिराह तक झिरन्या प्रभारी तहसीलदार श्री जगन प्रसाद सौर, बस स्टेण्ड से श्रीराम धर्मशाला के लिए भीकनगांव नायब तहसीलदार श्री कृष्णा पटेल तथा संजय नगर खरगोन के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी खरगोन नायब तहसीलदार श्री ठेबड़ा विस्के कर्तव्य स्थल पर मौजूद रहेंगे। नियुक्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी गुरूवार को प्रातः 11 बजे कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों को पूर्ण निर्वहन कर व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। वहीं अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार अपने अनुभाग एवं तहसील में सम्पूर्ण कानून व्यवस्था की निगरानी सुनिश्चित करेंगे।

## शिविर में 76 रोगियों का निःशुल्क उपचार कर औषधियां वितरीत की

**खरगोन/देनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिविराज सिंह वर्मा के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. वासुदेव आसलकर के मार्गदर्शन में बुधवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय पथराड़ (हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर पथराड़) द्वारा ग्राम नांद्रा में निशुल्क आयुर्वेद रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 76 रोगियों का उपचार कर निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया।



## आस्था के साथ मनाया गया महाष्टमी पर्व






**अमझेरा/आशीष पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अमझेरा - नगर अमझेरा में बुधवार को चैत्र नवरात्री के अंतर्गत दुर्गा अष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया माँ दुर्गा का आठवा स्वरुप माँ महागौरी का होता है लोगों ने घरो और मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की साथ ही हवन करते हुए हलवा पुड़ी का भोग लगा कर घरों में कन्याओं का भोजन करवाया भक्तों ने प्रसाद श्रृंगार की वस्तुएं मां के चरणों में अर्पित की, साथ ही आरती कर सदा आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। अष्टमी की पूजा करने वाले भक्तों ने नवरात्र का व्रत खोल प्रसाद ग्रहण किया नगर के प्राचीन माँ अमका झमका मन्दिर, कान्ति धाम मंदिर, नाना देवी मन्दिर और कलिका माता हरी मंदिर माता जी का आकर्षक श्रंगार किया माता से आशीर्वाद लेने सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता मंदिरों में लगा रहा।

## खाद्य विभाग की चलित लैब से खाद्य सामग्री की जांच कार्यवाही की गई

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी के दल द्वारा 28 मार्च 2023 को नलखेड़ा शहर में 5 दुकानों से 21 नमूने की एमएफटीएल से जांच की गई। जिसमे से 3 अवमानक पाए गए। नलखेड़ा में 2 किराना दुकान से 750 ग्राम निबू पीला रंग एवम 6.25 किलो पिस्ता कतरन जप्त कर नष्ट करवाया। जिसका बाजार मूल्य 4200 रुपए है। जबकि 29 मार्च 2023 को बडौद में 8 दुकानों से 20 सैंपल की चलित लैब से जांच की गई। जिसमे से 6 अवमानक पाए गए। अर्जुन मिल्क चिंलिंग सेंटर बडौद के बीएमसी टैंक से 1 भैंस का दूध का सैंपल जांच हेतु एकत्रित कर सम्पूर्ण जांच हेतु राज्य खाद्य लैब भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट एवम विवेचना निष्कर्ष के आधार पर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। जबकि बडौद में 4 ज्यूस सेंटर की जांच कर 36 किलो रंगीन शक्कर की चासनी, आमरस एवं निंबू पीला रंग जिसका बाजार मूल्य 1950 रुपए है, दुकानदार की सहमति से, तथा अध्यानतावंश प्रथम गलती स्वीकार करने, एवं भविष्य में रंग का प्रयोग न करने की शर्त पर जनहित में जप्त कर नष्ट करवाया।



मौसम को देखते संग्रहण में विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

कारोबार अनुसार खाद्य लाइसेंस पंजीयन तथा फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड बनवाने के बाद ही कारोबार करने एवम खाद्य लाइसेंस की प्रति दुकान में चस्पा करने हेतु निर्देशित किया। प्राकृतिक फलों का ज्यूस ही विक्रय का निर्माण, विक्रय, संग्रहित करने हेतु निर्देशित किया। ज्यूस में किसी किसी भी आर्टिफिशियल रंग, फ्लेवर एवं स्वीटनर का प्रयोग न करने की सलाह दी। ग्राहकों से भी अनुरोध है कि ताजा बनवाकर ही ज्यूस का सेवन करे।पहले से तैयार ज्यूस का सेवन न करे।दुकान परिसर में नियमित साफ सफाई करने, खाद्य सामग्री ढंक कर रखने के लिए निर्देशित किया।कमिया पाए जाने पर 6 दुकान संचालको को सुधार हेतु नोटिस दिया गया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिनांक 27 मार्च 2023 को आयोजित बैठक में श्री सहयोग संस्था के अध्यक्ष मनोज सोमानी ने बताया कि श्री सहयोग सेवा संस्था बदनावर एवं नरहरी हॉस्पिटल बडौदा गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 02 अप्रैल 2023 रविवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4.00 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन सहयोग हॉस्पिटल माथुर कॉलोनी बदनावर( जिला धार) पर किया जा रहा है इस शिविर में गुजरात के प्रसिद्ध चिकित्सालय नरहरी हॉस्पिटल बडौदा के अनुभवी डॉक्टर श्रेणिक वैद्य एमएस ट्रामा सर्जन ,(सामान्य रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर श्वेत शाह एम एस (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डॉ अमरनाथ वर्मा (चर्म रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं देंगे। इस शिविर में हड्डी संबंधित समस्त रोगों की जांच एवं उपचार, पित्ताशय, पथरी पाइल्स, हर्निया, फिशर फिशुला ,थायराइड आदि रोगों की जांच एवं उपचार, साथ ही त्वचा, बालों , नाखून, एंटी रिकेल आंखों के नीचे के गड्ढों का इलाज किया जाएगा। डॉक्टर की सलाह अनुसार आवश्यक जांच एवं दवाई भी निःशुल्क दी जावेगी। इस हेतु शिविर संयोजक प्रजेन्द्र भट्ट को बनाया गया है शिविर में विशेष सहयोगी सनत बैरागी (संदला वाले) होंगे। जो नागरिक शिविर में उपचार का लाभ लेना चाहते हैं, वह प्रातः 9:00 बजे सहयोग हॉस्पिटल बदनावर पहुंचे। शिविर का पंजीयन तत्काल किया जाएगा जो पहले आए सो पहले पावे के आधार होगा। शिविर के संबंध में और अधिक जानकारी हेतु मनोज सोमानी 9685775376,

सर्वेश मंडलेचा 9893741418 ,
प्रदीप पांडेय् 9893498338 ,
चंचु राजपुरोहित 9300651909,
राजेंद्रसिंह पवांर 9981626161,
सुजीत घोडपकर 9425939422 ,
विनोद शर्मा 9993998720 ,
एवं महेश गुप्ता 9300730061 से दुरभाष संपर्क किया जा सकता है। शिविर में आने वाले मरीजों, नागरिकों से विशेष निवेदन है कि वे अपने रोग की पुरानी जांच रिपोर्ट, उपचार फाईल , एक्सरे, इत्यादि साथ में जरूर लावे। साथ ही चिकित्सक की सलाह पर आवश्यकता अनुसार जांच भी निःशुल्क की जाएगी। बैठक में उपस्थित श्री सहयोग सेवा संस्था के वरिष्ठ सदस्य पंकज पंड्या, मोहन सोमानी, सोनू बल्देवा, मालव राजपुरोहित, राजेंद्र सिंह पवांर, सुजीत घोडपकर , सौरभ सोमानी, अशोक लोढ़ा, हेमराज पवांर , प्रदीप पांडेय, पाटीदार, प्रजेंद्र भट्ट (शिविर संयोजक) एवं अध्यक्ष मनोज सोमानी ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या मे पधार कर निःशुल्क उपचार सेवा का लाभ लेवे।

**मिडिया प्रभारी**
**प्रदीप पांडेय**
**श्री सहयोग सेवा संस्था बदनावर**

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने हनुमान चालीसा एवं महाआरती कर राम उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत

सुसनेर प्रखंड के खंडों के साथ ग्राम समितियों में मनाया जा रहा राम उत्सव कार्यक्रम

**सोयतकलां/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखण्ड सुसनेर के सोयत नगर में रामोत्सव कार्यक्रम के निमित्त मंगलवार नगर की माधव बस्ती में पर पेडिया घाट हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा एवं महाआरती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रभु श्री राम की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व हिंदू परिषद का वार्षिक रामोत्सव कार्यक्रम प्रति वर्ष अनुसार प्रखंड के अलग-अलग खंडों के साथ ग्राम समितियों में मनाया जाएगा एवं एक बडा कार्यक्रम राम उत्सव का सोयत नगर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विहिप जिला साप्ताहिक प्रमुख मनीष राठौर प्रखंड सेवा प्रमुख जंग बहादुर सिंह, प्रखंड सेवा सह प्रमुख रामबाबू वॉशर मैन, प्रखण्ड सहविद्यार्थी प्रमुख अंकित प्रजापति, बजरंग दल खंड सुरक्षा प्रमुख गोविंद कुशवाह बजरंग दल खंड संयोजक ध्रुव भावसार खण्ड गोरक्षा प्रमुख राजेश पुरोहित के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रखंड सह मंत्री सत्य प्रकाश राठौर के द्वारा दी गयी।



## जेंडर ऐसी सामाजिक अवधारणा है जो लोगों को पुरुषतत्व एवं नारीत्व की रूढ़िवादी परिभाषाओं से बांधती है-सीमा जैन

जेण्डर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभागियो को किया प्रशिक्षित ,प्रतिभागियों ने साझा किए अपने विचार



**धार/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार तथा ममता एच.आई.एम.सी.एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित बेटी बचाओं -बेटी पढाओं ,किशोर -किशोरी सशक्तिकरण एवं बच्चों के विरुद्ध हिंसा एवं बाल विवाह रोकथाम के तहत डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप सदस्यों का जेण्डर विषय पर आधारित जिला स्तरीय कार्यशाला,प्रशिक्षण में मास्टर ट्रैनर श्रीमती सीमा जैन ममता एवं यूनिसेफ भोपाल ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि - जेंडर ऐसी सामाजिक अवधारणा है जो लोगों को पुरुषतत्व एवं नारीत्व की रूढ़िवादी परिभाषाओं से बांधती है,और हम क्या सोचते हैं, कैसा महसूर करते हैं और किन बातों को मानते हैं, इन पर भी अवधारणा का असर होता है।भारत में लैंगिक समानता - सशक्त महिला, सशक्त भारत राष्ट्रीय जेंडर अभियान (लिंग आधारित) भेदभाव के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान हैं, जेंडर आधारित भेदभाव और हिंसा अलग-अलग रूपों में हमारी ज़िंदगी और समाज में शामिल है। यह हमारे घर से लेकर पूरे समाज में महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को पोसने और बढ़ावा देने का काम करती है। इसे चुनौती देना और दूर करना एक लंबी सामाजिक बदलाव की प्रक्रिया है। इस मुहिम में हम सब साथ मिलकर काम करें और राष्टीय जेंडर अभियान को सफल बनाएं । श्रीमती जैन ने जेण्डर के लाभ,हानि और जेण्डर और सत्ता पर विस्तारपूर्वक गतिविधियों ,समस्त प्रतिभागियों के विचारो,सुझावों का भी प्रस्तुतिकरण कर समझाया ।



ममता फाउंडेशन के जिला समन्वयक राजेश शर्मा ने कहा कि - जेंण्डर (लैंगिक) भेदभाव तथा सामाजिक बंधनों व अन्य कुरीतियों के कारण चुनौतियों ,शोषण ,हिंसा का शिकार होना पड़ता है,यह अभियान इन्हें रोकने संजीवनी का कार्य करेगा । प्रतिभागी राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त प्रदीप पांडे,प्राथमिक शिक्षक गोपाल कौशल,इसरार कुरैशी,चरण सिंह चौधरी ,श्रीमती अरुणा बोडा,मीना अग्रवाल,लेखा शर्मा,कल्पना परिहार ,प्रमोद बैरागी,वल्ड विजन से याशाया इका, नेहरु युवा केंद्र से अजय वर्मा आदि ने सहभागिता करते हुए अपने बेहतर विचारों की शानदार प्रस्तुति दी और अपनी कार्ययोजना से अवगत करवाया ।

# कांग्रेस कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी के दो पुतले लाए एक पुलिस ने छीन लिया तो दुसरा ब्रीज के समीप जला दिया

राहुल गांधी के साथ हुए अन्याय को लेकर कांग्रेस उतरी सडकों पर





**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस के वरिश्ठ नेता राहुल गांधी के साथ हुए अन्याय को लेकर कांग्रेस पार्टी में आक्रोश बढता जा रहा है। लोकतंत्र की हत्या करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुध लोकतंत्र बचाओ आंदोलन प्रदेश स्तर पर किया जा रहा हैं। सत्य की आवाज उठाने वाले राहुल गांधी के साथ हुए अन्याय का बदनावर ब्लॉक स्तर पर आंदोलन किया गया। जनपद परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रीत होकर नरेन्द्र मोदी के विरोध में नारेबाजी करने लगे। तब अचानक भाजपा के कई कार्यकर्ता वहां पहुँचे और आंदोलन में व्यवधान करने लगे। दोनों दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक दुसरे के विरोध में नारेबाजी की गयी। पुलिस के हस्तक्षेप से मामला षांत हुआ। जनपद कार्यालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाने का प्रयास करने पर पुलिस ने बडी मषक्त कर पुतला छीन लिया गया। बाद में कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जनपद कार्यालय के सामने ही बैठ कर धरना देने लगे। कार्यकर्ता धरने से उठकर बडी चैपाटी पर पहुँचे। भारी पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को घेर लिया। तभी अचानक चेतन्यवीर हनुमान मंदिर के समीप नरेन्द्र मोदी के दस मुखी पुतले को लेकर कार्यकर्ता पहुँचा। पुलिस कर्मी कार्यकर्ता के हाथ पुतला छीनते इसके पहले पुतले में आग लगा दी गयी। जलता पुतला पुलिस जवान उठा कर ले गए। कांग्रेस के युवा नेता अभिशेकसिंह टिंकु बना ने भाजपा को आढे हाथों लेकर कहा कि हम षांतिपुर्ण आंदोलन कर रहे थे। परन्तु भाजपा कार्यकर्ताओं ने आकर अवरोध पैदा किया गया। हमारा षांतिपुर्ण आंदोलन भाजपा के लोगों को रास नहीं आया। हमारा कार्यक्रम बिगाडने का काम किया। भाजपा को चेतावनी दी कि अगली बार से भाजपा ने व्यवधान पैदा करने की कोषिष की गयी तो माहत्मा गांधी की कसम भाजपा के कार्यक्रम में पहुँचकर हस्तक्षेप करेंगे और उनका कोई कार्यक्रम सफल नहीं होने देंगे। टिंकु बना ने आगे कहा कि राहुल गांधी की मान्यता को नही लौटाया जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। मनीश बोकडिया, निरंजनपालसिंह पंवार ने भी सबोधित किया। आंदोलन के दौरान जिपं सदस्य निर्देश सोनगरा, बंजी बना, कमलसिंह सिसोदिया, विश्णु मरगला, दिलीप निनामा, बबलु भाभर, चन्दन भुरिया, कृष्णा जायसवाल, कृष्णा पंवार, चेतनसिंह राठौर, ईष्वरसिह भाटबांमदा, हरिश मांगलिया, साजिद खान, पप्पु सिर्वी, श्रीराम धाकड, कालु भुरिया, छोटुबना, पंकज जैन, मनीश मकवाना, राहुल गुर्जर, घनष्याम जाट, निलेष चैहान, सुनील जाट, कन्हैयालाल, रतन भाभर, कंवरलाल, सैयद पठान, गटटुनाथ योगी, दुर्लभराम धाकड, सदाम पटेल, रईस पटेल, गट्टुभाई, लाखनसिंह, धर्मराज पाटीदार, शिवसिंह, सुरज गिरवाल, गोविन्दसिंह सहीत बडी सख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। अंत में आभार मनीष बोकडिया ने माना। जानकारी मीडिया प्रभारी महेश पाटीदार ने दी।

# सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर की औद्योगिक इकाइयाँ प्रदेश की अर्थ-व्यवस्था की आत्मा-मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल/दैनिक मालावा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर की औद्योगिक इकाइयाँ ही मध्यप्रदेश की अर्थ-व्यवस्था की आत्मा हैं। यह इकाइयाँ स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों तथा अन्य सामग्री का वैल्यू एडिशन करने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करती हैं। अर्थ-व्यवस्था को गति देने में इन इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उद्यमी हमारे विकास के पार्टनर हैं। राज्य सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर की इकाइयों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हम प्रदेश में इन इकाइयों का जाल बिछाना चाहते हैं। इस दिशा में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान 1450 एमएसएमई औद्योगिक इकाइयों को सिंगल क्लिक से 400 करोड़ रूपये की सब्सिडी अंतरित कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास स्थित कार्यालय भवन समत्व में हुए कार्यक्रम में सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, सचिव श्री पी. नरहरि तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के उद्यमी, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि वर्चुअली सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्यमियों से वर्चुअली संवाद भी किया।



## मध्यप्रदेश, भारत की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थ-व्यवस्था

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थ-व्यवस्था आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के आत्म-निर्भर भारत के निर्माण के संकल्प के क्रम में ही आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश का रोड मेप विकसित कर गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। मध्यप्रदेश, भारत की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थ-व्यवस्था है। प्रदेश की जीएसडीपी 13 लाख करोड़ हो गई है। पर केपिटा इनकम एक लाख 40 हजार रूपए है। सिंचाई क्षमता में भी हमने बहुत वृद्धि की है। कृषि हमारी अर्थ-व्यवस्था की रीढ़ है। कृषि उत्पादों के वैल्यू एडिशन में कौशल उन्नयन से युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर निर्मित किए जा रहे हैं।

## उद्यमियों की कठिनाइयों को दूर करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से सफल उद्यमियों को विकसित करने के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। उद्यमियों की कठिनाइयों को दूर करने में क्लस्टर एप्रोच की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार छोटे उद्योगों को निर्मित अधो-संरचना उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास कर रही है। उद्यमियों को दी जाने वाली सब्सिडी उन्हें बिना कठिनाई के उपलब्ध हो और इसमें होने वाले लेन-देन की संभावनाओं को शून्य करने के उद्देश्य से ही सब्सिडी दी गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना में युवाओं को काम सीखने के बदले प्रतिमाह 8 हजार रूपए का स्टाइफंड उपलब्ध कराया जाएगा। काम सीखने से हुए कौशल उन्नयन से युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उद्यमियों से की चर्चा

मुख्यमंत्री श्री चौहान से लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश गुप्ता, मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव अग्रवाल, ग्वालियर की उद्यमी श्रीमती अंजू भदौरिया तथा शहडोल के राइस मिल संचालक श्री नवनीत सिंघानिया ने वर्चुअली संवाद किया। श्री महेश गुप्ता ने क्लस्टर प्रणाली में जमीन के साथ अधो-संरचना और मशीनरी के लिए भी राज्य की ओर से सहयोग उपलब्ध कराने का सुझाव रखा। डॉ. राजीव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में एमएसएमई नीति तथा स्टार्टअप नीति लागू होने से अन्य राज्यों से उद्यमी अपनी इकाई स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश आ रहे हैं। श्रीमती अंजू भदौरिया ने महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन व्यवस्था स्थापित करने का निवेदन किया। श्री नवनीत सिंघानिया ने कहा कि अधिकारियों के सहयोग और प्रोत्साहन से ही वे औद्योगिक इकाई की स्थापना और उसका सफल संचालन कर पाए हैं।

## वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में सब्सिडी मिलना उद्यमियों के लिए संजीवनी के समान

सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से औद्योगिक इकाइयाँ विकसित हुई हैं। प्रदेश में 70 से अधिक क्लस्टर बन चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत सरकार ने 13 क्लस्टर स्वीकृत किए हैं। प्रत्येक जिले में युवाओं को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सब्सिडी के अंतरण से उद्यमियों के लिए कार्य करना आसान हुआ है। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में सब्सिडी की राशि जारी करना उद्यमियों के लिए संजीवनी के समान है। मंत्री श्री सखलेचा ने उद्यमियों की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार माना।

# राज्यमंत्री श्री परमार ने शुजालपुर के विभिन्न ग्रामों में महिलाओं के लाड़ली बहना योजना के आवेदन फार्म भरे

### श्री परमार ने आवेदन भरने हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया



**भोपाल/दैनिक मालावा हेराल्ड।** स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने आज शुजालपुर विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में राज्य सरकार की लाडली लक्ष्मी बहना योजना की विस्तृत जानकारी दी। श्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की गई है। इसके तहत राज्य शासन द्वारा बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी, जो कि वार्षिक 12,000 रूपए होगी। यह राशि लाभार्थी बहनों के सीधे बैंक खाते में पहुंचाई जाएगी। श्री परमार ने शुजालपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जामनेर, जेठड़ा एवं देहण्डी पहुँचकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदन फार्म भरे एवं बहनों के आवेदन भरने की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। श्री परमार ने बहनों से सीधे संवाद कर लाड़ली बहना योजना की विस्तृत जानकरी देते हुए योजना का लाभ लेने के लिए कहा। श्री परमार ने इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि यह आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है।इस दौरान एसडीएम श्री सत्येन्द्र सिंह, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री रुषाली पोरस सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मंत्रालय में 4 अप्रैल को होगा राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान

**भोपाल/दैनिक मालावा हेराल्ड।**आगामी 1 से 3 अप्रैल तक शासकीय अवकाश होने से मंत्रालय स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वन्दे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का गायन 4 अप्रैल को प्रातः 11 बजे होगा। इसमें मंत्रालय वल्लभ भवन सहित सतपुड़ा एवं विंध्याचल के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

# सर्वश्रेष्ठ शिल्प हाट कैटेगरी में खजुराहो का शिल्पग्राम बना रनर अप

### केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने शिल्पग्राम को सराहा

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश की लोक-कला और शिल्प के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से खजुराहो में निर्मित शिल्पग्राम को केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया है। स्वदेश दर्शन योजना में शिल्पग्राम को सर्वश्रेष्ठ शिल्प हाट/स्मारिका शॉप कैटेगरी में रनर अप के रूप में चयनित किया गया। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित होटल अशोक में चिंतन शिविर में केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री विवेक श्रोत्रिय को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि ÷शिल्पग्राम÷ संस्कृति, लोक-कला और शिल्प के संरक्षण एवं शिल्पकारों के प्रोत्साहन के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा शिल्पग्राम को सराहा जाना हमें कला और संस्कृति के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए नित नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगा।



# विकास कार्य में कमी नहीं आने देंगे-गृह मंत्री डॉ. मिश्रा

### जोनार को दी विकास कार्यों की सौगात

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को दतिया जिले के जोनार पहुँच कर ग्रामीणों को विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने कहा कि गाँव के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जोनार में 19 लाख रूपए के विकास कार्य होंगे। उन्होंने जोनार के अनुसूचित जाति मोहल्ले में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा निर्माण के लिए 5 लाख रूपए प्रदान करने की घोषणा की।

मंत्री डॉ. मिश्रा ने गाँव में वरिष्ठ ग्रामीण लोगों का शॉल, श्रीफल और पुष्प-हारों से सम्मान भी किया। जोनार में विकास यात्रा के साथ कलश यात्रा भी निकली।

**आमजन से हुए रू-ब-रू**

मंत्री डॉ. मिश्रा राजघाट कॉलोनी में निवास पर आमजन से रू-ब-रू हुए। उन्होंने नागरिकों की समस्याएँ सुनी और उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### तथाकथित नियमों के अतिरेक में मानवीय मूल्यों पर प्रहार

# कॉन्वेंट स्कूल की मनमानी

**सिर्फ 2 माह की फीस बकाया पर बच्चों के पेरेंट्स को नहीं किया रिजल्ट ओपन »»» डीओ बीआरसी बीईओ ने कहा - शीघ्र ही मामले पर संज्ञान लेंगे स्कूल में जाकर भी मामले जांच पड़ताल करेंगे!**

**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा /दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय प्रोविडेंस कान्वेंट स्कूल में मात्र दो माह की फीस बकाया को लेकर नियमों का हवाला देकर स्कूल रिजल्ट लेने पहुंचे छात्रों के माता-पिता को बच्चों का रिजल्ट बताने से इनकार कर दिया! जो बच्चे चार पांच शैक्षणिक सत्रों से एक ही स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उनकी सिर्फ एक-दो माह की फीस बकाया होने पर बच्चों को रिजल्ट बताने से मना कर दिया गया! ऐसे कई बच्चों के अभिभावकों में से एक छात्रा हितांशी यादव भव्य यादव के पिता मनीष मन्नू यादव ने बताया कि मेरे बच्चे स्थानीय प्रोविडेंस कान्वेंट स्कूल में विगत चार-पांच वर्षों से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं मेरी एक बच्चे की तो पूरे 12 माह की फीस जमा है लेकिन मेरी बालिका की मात्र 2 माह की फीस शेष है ऐसे में मैंने स्कूल प्रबंधन से कहा कि मेरे को आप भले ही अंकसूची ना दो लेकिन कम से कम रिजल्ट तो बता दो कि बेटी का वार्षिक फल क्या है तो प्रबंधन ने दो टूक उत्तर देते हुए कहा कि हमारे यहां नहीं हमें अगर एक हफ्ते की भी फीस बाकी है तो हम रिजल्ट नहीं बताएंगे! इस विषय को लेकर जब जिला शिक्षा अधिकारी केएस भिलाला बीआरसी सुरेश विरमाल एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री सूर्यवंशी से बात की गई तो तीनों का मिलाजुला उत्तर रहा कि हम मामले की अपने स्तर पर जांच पड़ताल करेंगे और यदि जरूरी हुआ तो शुक्रवार तक स्कूल में टीम भेजकर इस मामले की गहन जांच पड़ताल करवाएंगे!

## 30 मार्च से 3 अप्रैल तक खरगोन मंडी में कपास व अनाज नीलामी कार्य रहेगा बंद

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन मंडी में 30 मार्च गुरूवार से 3 अप्रैल सोमवार तक यानी 5 दिवसों तक कपास व अनाज नीलामी का कार्य बंद रहेगा। मंडी सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मार्च सोमवार को रामनवमी, 31 मार्च व 1 अप्रैल को बैंकों का वार्षिक लेखाबंदी होने, 2 अप्रैल को रविवार व 3 अप्रैल को महावीर जयंती होने से मंडी में कपास व अनाज नीलामी का कार्य बंद रहेगा। वहीं मंडी व्यापारियों ने भी अवकाश के दिनों में कपास व अनाज नीलामी के कार्य में भाग नहीं लेने का आवेदन प्रस्तुत किया है। मंडी सचिव ने समस्त किसान बंधुओं से आग्रह किया है कि अवकाश के दिनों में अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए मंडी प्रांगण में ना लाए।

## 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री भू अधिकार योजना के हितग्राहियों को करेंगे अधिकार पत्र वितरीत

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 3 अप्रैल को बैतूल जिले में राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार पत्र वितरण करेंगे। इस दिन जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जन प्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार पत्रों का बंटन किया जाएगा। वहीं खरगोन जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम झिरन्या में आयोजित किया जाएगा। यहां राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए भीकनगांव एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## कचरा मुक्त शहर के लिये स्वच्छता मशाल मार्च 30 मार्च को

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश में सभी नगरीय निकायों में कचरा मुक्त शहर के लिये अंतर्राष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस के दिन स्वच्छता मशाल मार्च निकाला जायेगा। मशाल मार्च का नेतृत्व महिला स्वच्छता लीडर्स द्वारा किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि प्रदेश का हर शहर इंदौर से प्रेरणा लेकर स्वच्छता में अग्रणी बने। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से स्वच्छता मशाल मार्च में शामिल होने का आग्रह किया है।

मशाल मार्च में स्थानीय जन-प्रतिनिधि, महिलाओं के समूह, स्व-सहायता समूह, स्वयंसेवी संगठन, महिला कर्मचारी, छात्राएँ एवं नागरिक शामिल होंगे। मशाल मार्च शाम को निकलेगा।

अंतर्राष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस पर निकायों में जीरो वेस्ट के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियाँ की जायेंगी। स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित जीरो वेस्ट आधारित सामग्री का विक्रय सह प्रदर्शनी का आयोजन होगा। कचरे से खिलौने आदि बनाने की प्रतियोगिताएँ भी करायी जायेंगी। मशाल मार्च के समापन पर उपस्थित जन-समुदाय को स्वच्छता की शपथ दिलायी जायेगी।

# राज्यपाल श्री पटेल के समक्ष सेना के तीनों सर्विस बैंड की सिम्फनी कन्सर्ट प्रस्तुति हुई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सेना के तीनों सर्विस बैंड की संयुक्त प्रस्तुति कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय सशस्त्र सेनाओं के रक्षा प्रमुख जनरल श्री अनिल चौहान, भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल श्री मनोज पाण्डेय, भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल श्री राधाकृष्णन हरि कुमार, भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल श्री विवेक राम चौधरी, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैस, महानिदेशक पुलिस श्री सुधीर सक्सेना, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, थल सेना, नौसेना, वायु सेना एवं मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ अधिकारी गण और आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे।





राज्यपाल श्री पटेल ने रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में तीनों सेनाओं के सर्विस बैंड की सिम्फनी प्रस्तुतियों का आनंद लिया। राज्यपाल श्री पटेल के समक्ष तीनों सेनाओं के लगभग 60 सदस्यीय बैंड ने प्रस्तुति दी। इस संगीत कार्यक्रम में श्रोताओं के समक्ष विशेष धुनों को प्रस्तुत किया गया। विशेष धुनों में तीनों सेनाओं के शौर्य, पराक्रम, एकता एवं अनुशासन की 10 धुनें शामिल थीं। बैंड प्रस्तुतियों में देशभक्ति के फिल्मी गीत एवं धुनें भी सुनाई गई।

सिम्फनी बैंड में क्लेरिनेट, आल्टो, सैक्सोफोन, फ्लूट, टेनोर, फ्रेंच हार्न, कार्नेट, बेस, ई-फ्लेट बेस, यूफोनियम, की-बोर्ड, आक्टोपैड, हैंडसोनिक, जैज ड्रम किट इत्यादि वाद्ययंत्र शामिल थे।

# स्कूल शिक्षा मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने किया ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ

### एक लाख से अधिक बच्चों को मनचाहे निजी स्कूलों में मिला नि :शुल्क प्रवेश

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षा का अधिकार शिक्षा का अधिकार अधिनियम निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन लॉटरी का शुभारंभ स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इन्दर सिंह परमार ने किया। वर्चुअल लाइव कार्यक्रम में शुजालपुर से जुड़े स्कूल शिक्षा मंत्री ने आरटीई पोर्टल के सर्वर का बटन दबा कर बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया। श्री परमार ने उन सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी जिन्हे आज उनके मनचाहे निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश प्राप्त हुआ है। राज्य मंत्री श्री परमार ने कहा कि एक नये जोश और उत्साह के साथ हमारे प्रदेश के निजी विद्यालय आगे आकर बच्चों की शिक्षा का कार्य सुचारू रूप से कर रहें हैं। कमजोर और वंचित परिवार के बच्चों को प्रायवेट स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का यह कार्य, मध्यप्रदेश में शिक्षा गुणवत्ता के हमारे प्रयासों को बल प्रदान करेगा। प्रदेश के बच्चे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना और प्रदेश का नाम रौशन करें। श्री इन्दर सिंह परमार ने आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश की इस पारदर्शी प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण करने पर विभागीय सहयोगियों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि यह एक क्रन्तिकारी कदम है, जब हम तकनीकी का उपयोग पारदर्शिता बनाने में कर रहे हैं। श्री परमार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश के विद्यार्थियों को हर सुविधा समय से और गुणवत्ता के साथ प्राप्त हो। आरटीई के इस प्रावधान का लाभ भी बच्चों को सहजता से मिले, इसके लिये हमने इस शिक्षा-सत्र से निःशुल्क प्रवेश हेतु आवेदन और स्कूलों के आवंटन हेतु लॉटरी की प्रक्रिया सत्रारंभ के पूर्व ही प्रारंभ की है।

संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लगभग 1 लाख 34 हजार 851 बच्चों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये थे। इसमें से दस्तावेज सत्यापन के बाद ऑनलाइन लॉटरी के लिये 1 लाख 15 हजार 593 बच्चे पात्र हुये हैं, जिन्हे आज ऑनलाइन लॉटरी में शामिल करते हुये, रेंड़म पद्धति से स्कूल का आवंटन किया जा रहा है।

ऑनलाईन लॉटरी से प्रदेश के विभिन्न प्रायवेट स्कूलों में, नर्सरी कक्षा में 59 हजार 75, केजी-1 में 30 हजार 197, केजी-2 में 1 हजार 698 तथा कक्षा-1 में 10 हजार 249 बच्चों को निःशुल्क प्रवेश प्राप्त हुआ है। इनमें से 85 हजार 336 बच्चों को उनकी पहली पसंद के, 8 हजार 806 को द्वितीय पसंद के और 4 हजार 212 को उनकी तीसरी पंसद के स्कूलों में प्रवेश मिला है। इन सभी चयनित बच्चों को एसएमएस भेज कर भी स्कूल आवंटन की सूचना प्रदान की गयी है। पालक आरटीई पोर्टल से आवंटन- पत्र डाउनलोड़ कर अपने बच्चे को स्कूल में दिनांक 31 मार्च से 10 अप्रेल 2023 तक उपस्थित होकर निःशुल्क प्रवेश दिला सकेंगे।

ऑनलाइन लॉटरी के इस लाइव कार्यक्रम को बडी संख्या में अभिभावकों एवं बच्चो ने भी देखा। राज्य शिक्षा केन्द्र के अपर मिशन संचालक श्री लोकेश कुमार जांगिड, एम.पी.एस.ई.डी.सी. के श्री विनय पाण्डे, अंकुर दीक्षित, अभिषेक चौहान के साथ ही राज्य शिक्षा केन्द्र के अधिकारीगण डॉ. रमाकान्त तिवारी, श्री रमाशंकर तिवारी, श्री पंकज श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी गठित

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों में कुपोषण एवं एनीमिया से बचाव के लिए फोर्टिफाइड चावल वितरण की योजना लागू की गई है। यह योजना सार्वजनिक वितरण प्रणाली, एकीकृत बाल विकास योजना तथा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में लागू की गई है। इन योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल के वितरण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समन्वय एवं समीक्षा के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया है।समिति में अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला-बाल विकास एवं स्कूल शिक्षा सदस्य होंगे। अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण समिति के सदस्य सचिव होंगे।समिति का कार्यकाल फोर्टिफाइड चावल के वितरण का राज्य में पूरी तरह क्रियान्वयन होने तक रहेगा।

## शहरों में प्रधानमंत्री आवास बनाने 35 हजार 580 हितग्राहियों को 355 करोड़ 34 लाख रूपये जारी

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।**नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया हैकि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में जियो टेगिंग के आधार पर 35 हजार 580 हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए 355 करोड़ 34 लाख रूपये जारी किये गए है। इसमें से प्रथम किश्त के रूप में 15 हजार 726 हितग्राहियों को 156 करोड़ 88 लाख रूपये और द्वितीय किश्त के रूप में 19 हजार 854 हितग्राहियों को 198 करोड़ 46 लाख रूपये जारी किये गए हैं। श्री सिंह ने संबंधित नगरीय निकायों को निर्देश दिये है कि आवासों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

# अनीता भाबी, यानि विदिशा श्रीवास्तव उठा रही हैं ट्रिपल सेलीब्रेशन का आनंद

**जीएनएस।** एण्डटीवी के कल्ट- कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' ने हाल ही में आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे किये हैं। हमने शो की 'गोरी मेम' अनीता भाबी, यानि विदिशा श्रीवास्तव से इस शो में उनके बेहतरीन सफर को लेकर बात की, क्योंकि उन्हें भी इसमें अनीता भाबी का किरदार निभाते हुए एक साल पूरा हो गया है। प्रस्तुत है उसने हुई बातचीत के कुछ प्रमुख अंश-



### १.आपके लिये यह ट्रिपल सेलीब्रेशन का समय है। अनीता की भूमिका में एक साल पूरा होने, आपके शो 'भाबीजी घर पर हैं' के आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे होने पर कैसा लग रहा है?

इतने लोकप्रिय शो का हिस्सा बनना मेरी खुशकिस्मती है। पिछले साल जब मुझे अनीता की भूमिका के लिये संपर्क किया गया, तब मैं थोड़ा असमंजस में थी। मुझसे पहले दो अभिनेत्रियाँ इस किरदार को खूबसूरती से निभा चुकी थीं। अब इस शो के साथ जुड़ने का एक साल पूरा होने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि दर्शकों ने अनीता भाबी के रूप में मुझे अपनाया और मुझे काफी तारीफ मिली है। बहुत कम शोज होते हैं, जिनके वफादार प्रशंसक लगातार बने रहते हों और आठ साल तथा 2000 एपिसोड्स पूरे होना हमारे शो की लोकप्रियता का सबूत है। मैं चैनल, हमारे प्रोड्यूसर्स, मेरे साथी कलाकारों और सबसे महत्वपूर्ण, हमारे दर्शकों को धन्यवाद देती हूँ, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और निरंतर मेरा सपोर्ट किया।

### 2. जब प्रशंसक आपको 'गोरी मेम' या अनीता भाबी कहते हैं, तब कैसा लगता है?

सोशल मीडिया और फ्रेंड सर्कल में लोग मुझे मेरे किरदार के नाम से बुलाने लगे हैं। एक हाल में हुए वाकये ने मुझे भावुक कर दिया। मैं महाशिवरात्रि के दौरान अपने होमटाउन वाराणसी में थी। जिन गलियों में मेरा बचपन बीता, वहाँ के लोग लगातार पूछते रहे कि 'अनीता भाबी कैसी हैं आप?'' मुझे लगता है कि किसी भी एक्टर के लिये यह सबसे बड़ी तारीफ है कि आपको स्क्रीन पर अपने द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका के लिये पहचाना जाए।

### 3.विदिशा और अनीता भाबी में क्या समानतायें हैं?

अनीता एक मजबूत और आत्मनिर्भर महिला है, जिसे सही बात के लिये खड़ा होने और गलत होने पर आवाज उठाने में यकीन है। वह खूबसूरत और बुद्धिमान है और उसका एक क्लास है। मैं पूरी तरह से वैसी हो सकती हूँ। मेरा स्टाइल स्टेटमेंट भी उसके जैसा है: साधारण, शानदार और सुंदर। मुझे भी अनीता की तरह साड़ियाँ, हील्स और एसेसरीज पहनना पसंद है।

### 4. कॉमेडी का जोनर आपके लिये नया था। उसमें ढलना कितना आसान या मुश्किल रहा?

एक्टर होने के नाते चुनौती वाली भूमिकाओं को आजमाना महत्वपूर्ण होता है। इससे आप सीखते हैं, बढ़ते हैं और विकसित होते हैं। इसलिये मैं सारे जोनर्स को एक्स्प्लोर चाहती थी और 'भाबीजी घर पर हैं' को चुनना मेरी जिन्दगी के सबसे फायदेमंद फैसलों में से एक है। हाँ, कॉमेडी में चुनौती है, लेकिन मेरी भूमिका को मिलने वाली तारीफ मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रोत्साहित करती है।

### 5.क्या आप बॉलीवुड मूवीज को साइन करने की सोच रही हैं?

सच कहूं तो, मुझे साउथ की फिल्में करने से पहले हिन्दी मूवीज ऑफर हुई थीं। लेकिन मैं तैयार नहीं हुई, क्योंकि मैं उन भूमिकाओं से रोमांचित नहीं थी। एक्टर के तौर पर मुझे सार वाली और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं चाहिये। मुझे ऐसे किरदार निभाना पसंद है, जो शो के पूरे कॉन्सेप्ट में जान डाल दें। अनीता भाबी एक्टिंग में अपने हुनर को दिखाने के लिये मुझे मिला एक बेहतरीन मौका है और मैं 'भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा बने रहकर और भी उपलब्धियाँ हासिल करने का इंतजार कर रही हूं।

**विदिशा श्रीवास्तव को 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी की भूमिका में देखिये, हर सोमवार से शु क्रवार रात 10:30 बजे, सिर्फ एण्डटीवी पर!**

# प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ घातक क्यों होते जा रहे हैं?

अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से हमेशा बचने की सलाह दी जाती है। हाल ही में, नए प्रकार के 'डाएट' में भी आहार विशेषज्ञों द्वारा 'नो प्रोसेस्ड फूड' की शर्त लगाई जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट ने हाल ही में जारी किया है कि आहार में अकेले नमक की अधिकता को कम करने से हर साल लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है। साथ ही वेबसाइट 'वायर्ड' ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है। 1975 और 2009 के बीच, ब्राजील में अधिक वजन वाले लोगों का अनुपात लगभग तीन गुना हो गया। इस वृद्धि का कारण जानने के लिए 'उपभोक्ता सुपरमार्केट से क्या खरीदते हैं?' इस विषय पर एक सर्वेक्षण किया गया। यह देखा गया कि उपभोक्ता नमक, चीनी और आटा जैसी चीजें ज्यादा नहीं खरीदते हैं। फिर मोटापे का क्या कारण है? जब पता लगाने की कोशिश की गई तो पता चला कि सुपरमार्केट में खरीदे जाने वाले खाद्य पदार्थों की सूची में ब्रेड, प्रोसेस्ड मांस, चिप्स, फलों के रस के कैन या टेट्रापैक, मिठाई, इंस्टेंट नूडल्स, रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थ बहुतायत में हैं। जब डॉक्टरों और आहार विशेषज्ञों ने इस जानकारी का विश्लेषण किया, तो यह बताया गया कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ वजन बढ़ने और बाद में होने वाली बीमारियों का कारण हैं।

भारत में सैकड़ों वर्षों से खाने की चिजों पर विभिन्न प्रक्रियाएँ की जाती रही हैं। प्रक्रिया से खाद्य पदार्थ का स्वाद नमकीन या खट्टा बनाना, सुखाना, किण्वन, तलना, पकाना, घोलना सभी प्रक्रियाएँ हैं। कच्चे अन्नपदार्थ, अनाज, पर विभिन्न प्रक्रियाओं के बाद प्रतिदिन घर पर ताजा भोजन पकाया जाता है। तो क्या घर में खाना बनाना भी इसी प्रोसेस्ड फूड की श्रेणी में आता है? 'प्रसंस्कृत भोजन' (प्रोसेस्ड फूड) को पोषण विशेषज्ञ बहुत सख्ती से परिभाषित करते हैं। आहार विशेषज्ञ बताते हैं कि बिक्री और भंडारण के उद्देश्य से विभिन्न यांत्रिक और रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजरने वाले खाद्य पदार्थ 'प्रसंस्कृत खाद्य' की श्रेणी में आते हैं। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक अधिकांश खाद्य पदार्थ बंद पैकेटों, बोतलों या बक्सों में बेचे जाते हैं। इनमें से अधिकांश प्रक्रियाएं भोजन की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए की जाती हैं। इसलिए, ये खाद्य पदार्थ कई वर्षों तक निश्चित तापमान पर अच्छी स्थिति में रहते हैं और बेचने में आसान हो जाते हैं। इस प्रकार के भोजन में पोषण संबंधी चार्ट, शेल्फ लाइफ, भंडारण और उपयोग के निर्देश होते हैं। घरेलू प्रसंस्करण और वाणिज्यिक प्रसंस्करण दो अलग-अलग चीजें हैं।

प्रसंस्कृत भोजन के सेवन से बड़ी मात्रा में चीनी, नमक, तेल (वसा), कृत्रिम स्वाद शरीर में प्रवेश करते हैं। आम तौर पर ये खाद्य पदार्थ भूख उत्तेजक होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अनियंत्रित खपत होती है। चिप्स, पेय, मांस व्यंजन अन्य भोजन की तुलना में अधिक सेवन किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में जीवनशैली में बदलाव के कारण काम करते समय या टीवी के सामने बैठकर इन खाद्य पदार्थों का सेवन किया जाता है। खाने की मात्रा और उसमें मौजूद कैलोरी को बर्न करने के लिए आवश्यक व्यायाम और गति की मात्रा व्यस्त रहती है, जिसके परिणामस्वरूप वजन बढ़ता है और मोटापा (ओबेसिटी) होता है। बच्चे भी इससे अछूते नहीं हैं। मोटापे के साथ-साथ हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, चयापचय संबंधी समस्याएं प्रसंस्कृत भोजन के अत्यधिक सेवन का परिणाम हैं।

प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचना शहरी निवासियों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। आसानी से उपलब्ध विभिन्न प्रकार के 'जंक फूड' काम के सिलसिले में बाहर रहने वाले और यात्रियों को समान रूप से लुभाते हैं। आहार विशेषज्ञ उनसे विकल्प खोजने का आग्रह कर रहे हैं। उनका कहना है कि घर का बना ताजा खाना, फल, सब्जियां, पत्तेदार सब्जियां, दूध, डेयरी उत्पाद, सलाद को डाइट में शामिल करना चाहिए। किसी भी तैयार भोजन या सलाद, कटे हुए फलों में अतिरिक्त नमक या चीनी न डालें। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचने का सबसे अच्छा तरीका, वे कहते हैं, विज्ञापित भोजन का पूरी तरह से बहिष्कार करना है।

**- ऐनापुरे, सांगली (महाराष्ट्र)**

# वागले की दुनिया' की क्या वंदना तेज कमर दर्द के बावजूद कैटरिंग का बड़ा ऑर्डर पूरा कर पाएगी?



**जीएनएस।** सोनी सब का शो 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्से' विचारों को झकझोरने वाला एक पारिवारिक ड्रामा है, जो अपने दर्शकों को एक आम आदमी की जिन्?दगी करीब से दिखाता है। अपने प्रासंगिक किरदारों और दमदार कहानी के साथ 'वागले की दुनिया' दर्शकों को सच्ची शिक्षाएं देता है और उनके दिल को सुकून पहुंचाता है। पिछले कुछ एपिसोड्स में दर्शकों ने सखी वागले (चिन्मयी साल्वी) को विदेश में पढ़ने का अपना सपना पूरा करने का फैसला लेने में संघर्ष करते देखा है।

कहानी के आने वाले हिस्?से में वंदना वागले (परिवा प्रणति) कैटरिंग का बड़ा ऑर्डर पूरा करने के मिशन पर रहेगी। लेकिन कमर में दर्द के कारण उसे परेशानी होगी। हमेशा की तरह दृढ़ वंदना इस बड़े काम को पूरा करने के लिये अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेगी , लेकिन वागले परिवार की मदद के बिना उसे संघर्ष करना पड़ेगा। क?या वंदना बिना किसी की मदद के यह कर पाएगी?

क?या यह चुनौती वंदना पर भारी पड़ेगी?

वंदना वागले की भूमिका निभा रहीं परिवा प्रणति ने कहा, ÷वंदना हमेशा अपनी सबसे अच?छी कोशिश करती है। चाहे घर के रोजाना वाले काम हों या खुद का बिजनेस शुरू करना, वह हमेशा अपनी सबसे अच?छी कोशिश करती है। हालांकि किसी भी माँ की तरह, अपने परिवार की देखभाल में वह अक?सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती है। यह हर घर की कहानी है! मैं सोचती हूँ कि अपना शुरू किया काम खत?म करने की उसकी दृढ़ता न सिर्फ मेरे लिये, बल्कि उन सारी महिलाओं के लिये एक प्रेरणा है, जो अपने परिवार और रोजगार के बीच संतुलन रखती हैं। दर्शकों को यकीनन वंदना और उसकी मासूम कमियों में अपनी झलक मिलेगी।

**देखते रहिये 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्से', हर सोमवार से शनिवार रात 9.00 बजे सिर्फ सोनी सब पर**

## नारी व्यथा।

नन्ही कलि,
दुनिया में आई और फिर,
ताउम्र उम्र छली गई।
घर में नन्ही परी का आगमन,
नहीं लगीं किसी को यहां प्यारी,
अच्छी-बुरी दादी अम्मा की नहीं,
बन सकी कभी वो दुलारी।
पिता की भी छाती जोरों से फटी।
वो बहुत कमजोर हुएं,
वारिस की उम्मीदें अब लगभग खत्म हुई।
घर के आंगन में,
किलकारियां लोगों ने सुनीं।
खुशियां मिलती असंख्य,
अगर पुत्र की मिलती ख़बर।
पूरे घर में ग़म में डूबी हुई दुनिया दिखीं,
अम्मा को छोड़कर सबमें,
दुखों का लगा जैसे पहाड़ गिरीं।
सबकुछ त्रस्त और कमजोर रहीं।
चूल्हा और चौखट पर,
हरपल खड़ी हुई दिखी।
शिक्षा व संस्कृति का,
घर पर नहीं रहा कभी भी,
किसी का इसपर कभी ध्यान।
सबमें दिखता रहा वारिस नहीं,
जनने का ग़म और यही वजह थी कि,
घर में आया तूफान।
नन्ही कोपल,
हरक्षण दूर होती दिखीं।
अम्मा को छोड़ कर,
सबने नन्ही परी को खूब दुत्कारा,
घर में बाबूजी का भी,
नहीं मिला कभी भी किसी का सहारा।
कोई घर में नहीं रहा अपना ,
नज़र से गुफ्तगू बस होता रहा,
पास आने से लोग कतराते रहे,
नजदिकियां दूर जाता रहा।
समानता और संतुलन,
बेकार की बातें दिखी।
लगन से घर में खुशियां दिखीं,
घर -आंगन की तब डोर छूटीं।
ससुराल की चौखट मिलीं,
प्रताड़ना की वहां बाढ़ दिखीं,
न कोई गुफ्तगू करने वाले मिलें वहां,
जो दिल में छिपी तकलीफ़ सुनें उसकी वहां,
सासु मां से जबरन रूबरू हुई,
घर- परिवार के ज्ञान दर्शन हुए,
फिर आहिस्ता-आहिस्ता सबलोग,
नज़र से खुद व खुद ओझल होते गए।
आज़ चेहरे पर मायूसी है,
सब जगह दिखाई देती उदासी है।
यह नारी व्यथा की कहानी है,
दुनिया को आज़ हमें सुनानी है।

**-डॉ. अशोक, पटना, बिहार**

## पापा आपके जैसा

पापा
आपके जैसा,
कोई मुझे,
प्यार दे पाएगा क्या ?
नहीं ! कभी भी नहीं।
आप के तरह ,
कोई मुझे ,
घर की लक्ष्मी समझेगा क्या ?
नहीं! कभी भी नहीं ।
जितना प्यार आपनें मुझ पें लुटाया,
उतना प्यार कभी कोई लुटाएगा क्या?
नहीं! कभी भी नहीं।
जितना ख्याल आपनें मेरा रखा
उतना कोई रख पाएगा क्या?
नहीं! कभी भी नहीं ।
तों क्यों छोड़कर चलें गए आप?
क्या आपकी बेटी आपके बिना
जिन्दा रह पाएगी क्या?
नहीं! कभी भी नहीं।।



**मुस्कान केशरी**

## हमारे तों राम है

मर्यादा पुरुषोत्तम के जैसे जीवन जियो
दुख हो या सुख हो जीवन जियो
कठिनाईयों से डरना ठीक नहीं है

कुछ ऐसा करो कि हर परिस्थिति में सुखद अहसास हो
सत्य सनातन संस्कृति व संस्कार में ही हमारे राम हो
क्योंकि हर जगह राम है तो फिर किस बात का डर हो ,
घर छोड़ कर जंगल में मंगल करने वाले हमारे राम है
वनगामन में सबरी के जुठे बैर खाने वाले राम है
केवट की नाव में सफर करने वाले राम है

सुग्रीव को राज्य दिलाने वाले राम है
विभिषण को मान सम्मान देने वाले राम है
हनुमान के प्रभु राम है हर जगह हर समय भक्तों को
आसरा देने वाले राम है,

फिर क्यों चिंता करें
हमारे तो खेवनहार ही राम है ,
राम से हमारा नाता है
तो फिर किस बात का विराम है हमारे तो
राम है , हमारे तो राम है।

**-हरिहर सिंह चौहान**



## गज़ल

होता है खुश शायर अपनी क़लम देखकर
घबराता है शत्रु भी इसी को बम देखकर

आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया मत करना
पाँव उतने ही फैलाना जाजम देखकर

ये भी तेरा भाई है वो भी तेरा भाई
देना उसको सांत्वना उसके गम देखकर

बिछा देना प्यार की चादर हरेक दिल में
दुश्मन भी हो जावे फ़िदा आलम देखकर

जहाँ होनी थी भीड़ परन्तु मंच था खाली
मंत्री जी हुए नाराज़ भीड़ को कम देखकर

इस विश्वास से बढ़ो आगे आकाश छूलों
हो न ख़फा रमेश के बढ़ते कदम देखकर



**-रमेश मनोहरा**

## स्वागत मेरे राम!

सनातन के आधार प्रभु का,
प्रकाट्योत्सव है राम प्रभु का।

अयोध्या में उत्सव है देखो,
हनुमानगढ़ी से सरयू तट तक
जगमग-जगमग दीप कर रहे,
स्वागत मेरे राम रघु का।
वंदन है अभिनन्दन है।

जन्मदिवस की इस बेला को,
हर्षित है मन उतना ही
जितना हर्षित मन हनु का।

रामलला के आगमन में
हर गलियां फूलों से भरकर,
जय जय राम के जयकारों को
अपने सब मुख पर रखकर,
रामनवमी के इस पर्व में
पूजें चलो चरण पादुका।

अयोध्या में उत्सव है देखो,
प्रकाट्योत्सव है राम प्रभु का।

**-आशीर्वाद कुमार मिश्र**

## बेईमानी और चोरी

चोरों को साहूकार, समझकर आरती करें
भर देंगे ये खाली, घड़ा इनके सम्मुख धरे

सदा ही करते रहिये, इनके गुणों का बखान
करेंगे नहीं आपका, कभी भी ये नुक्सान

फिर कर देंगे आपका, देख सारा ही उद्धार
यदि करोगे विरोध तो, झेलोगे इनकी मार

जो करता है चोरी, खुले है उसकी तकदीर
सारे जगत का बन जाता है, देखो फिर वो मीर

आप चमचे बनकर, आगे-पीछे ही नाचिये
अवगुण है फिर भी, गुणों की कहानी बाचिये

अगर आप चोरों के, साथ हरदम ही रहोंगे
फिर सुख-सुविधाएं भी, जीवन भर ही पाओगे

हनुमान की पूंछ सी, बढ़ती बेईमानी
इसे पकड़ने की मत, करना तुम नादानी

बईमानी और चोरी, कभी नहीं ये मिटेगी
करोगे कोशिश मिटाने, की और बढ़ेगी

इनकी तो आप आरती, दिन-रात ही कीजिये
इसके साथ कदम से कदम, मिलाकर सदैव चलिये

**-रमेश मनोहरा**

भक्ति कविता

## कण कण में राम -जय श्री राम

राम जन जन के आदर्श
राम मर्यादा पुरुषोत्तम
राम धर्म के प्रेरणा प्रेरक
राम मां पिता उपासक...
राम शब्द जीवन भवसागर
राम कल्याण अथाह सागर
राम से रामराज्य कल्पना
राम राम से स्नेह अभिवादन ...
कण कण में सबके राम
हनुमान हृदय में बसे राम
प्रभु, सीता राम ,सीता राम ...
राम शब्द स्मरण करते जब
कोई व्यवधान नहीं होता
सत्य कहने से विचलित न होता
राम सबके कृपा दयालु
काम हनुमान चुटकी में होता..
राम नाम की नय्या में जो बैठा
भक्त भव से पार हुआ
बाल न बांका कर पाया
चाहे जग बैरी संसार हुआ...
राम नवमी प्रभु अवतरण पर्व
राम राम ,जय जय श्री राम
कृपा बनी रहे प्रभु तुम्हारी
आदर्श सुशील मानव जीवन
जन जन ने तुमसे ही पाया...

**-लाल बहादुर श्रीवास्तव मंदसौर**

## दिक्कत तो है

जिंदगी की गाड़ी को सफलतापूर्वक
चलाना आसान नहीं है,
थोड़ा कम खा लेने से
कोई नुकसान नहीं है,
घर परिवार की जरूरतें
बढ़ती जा रही है,
अनिश्चित आय में रहने से
ख्वाहिशें सड़ती जा रही है,
दिन भर का थका व्यक्ति
शाम को चारपाई पर बैठ
अपनी कमाई और भविष्य को
जब सोचता है,
तब नजर के सामने छा जाता है
अथाह अंधेरा,
परेशानियों का घेरा,
पेट की अगन,
बच्चों की चाहतें,
तब वह सन्न रह जाता है,
अकेले में आंसू बहाता है,
क्या करूं सोच सिहर जाता है,
पर बच्चों के सामने मुस्कुराता है,
फीकी मुस्कान से वह बच्चों को
संदेश देता है कि मैं हूं अभी,
जरूरतें करूंगा पूरी धीरे धीरे सभी,
न आती नींदें कुरेदते हैं
मन में भरी चाहत,
कैसे मिल पाए राहत,
फिर सो जाता है
शरीर को पुनः काम के लायक बनाने,
क्योंकि लग जाना है काम पर
सुबह सुबह चंद सिक्कों के लिए।

**-राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़ छ ग**

## जगत के तारणहार है

रा व म से मिलकर बना है
संस्कारों मे दिनरात सना है
मर्यादा का सृष्टि पर आधार
वही जगत के तारणहार है

मर्यादा का पाठ सिखलाया
संस्कार जी कर दिखलाया
दुष्टों पर करे जो प्रतिहार है
वही जगत के तारणहार है


मानवता की प्रतिमूर्ति है
सज्जनता की प्रतिपूर्ति है
भक्तों की वही सरकार है
वही जगत के तारणहार है

जीने की हर कला बताये
खुद जी करके दिखलाये
धर्म रक्षा हेतु सदा तैयार है
वही जगत के तारणहार है

कर्मो से बना पुरुषोत्तम है
धरती मे कर्म ही उत्तम है
सब का एक वही आधार है
वही जगत के तारणहार है

**-प्रमेशदीप मानिकपुरी**

# मैं ज्याादातर अपने स्टंट्स खुद करता हूं ': सोनी सब के 'अलीबाबा-एक अंदाज़ अनदेखा : चैप्ट्र 2' के अभिषेक निगम



**जीएनएस।** सोनी सब का 'अलीबाबा-एक अंदाज़ अनदेखा' एक फैमिली एन्ट रटेनर है, जिसमें दुष्ट ताकतों से अपने लोगों की सुरक्षा के लिये सफर पर निकले अली (अभिषेक निगम) के विभिन्न कारनामों को दिखाया गया है। अभिषेक की एंट्री के बाद से, इस शो में एक नये अध्याखय की शुरूआत हुई है और अली के लिये यह सफर और भी ज्याहदा चुनौतीपूर्ण हो गया है। इन थोड़े पेचीदा दृश्यों को करने के लिये, कलाकारों को थोड़ी ज्याभदा मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने की जरूरत होती है कि उनके परफॉर्मेंस में कोई कसर नहीं छूटे।खुद को फिटनेस उत्साहही मानने वाले अभिषेक निगम अपने स्टेंट्स खुद करते हैं और इन चुनौतियों को पूरे जोश से निभाते हैं। वर्कआउट को लेकर उनका प्यालर उनके ऐक्शसन सीक्वेंखस में साफ नजर आता है और उन्हें अपने स्टंनट्स को बेहतर तरीके से निभाने में मदद करता है। इन रोमांचक सीक्वेंसस के लिये अपनी तैयारी और एक्स रसाइज रेजीम के बारे में उन्होंनने बात की। अपने एक्सउरसाइज रूटीन के बारे में बताते हुये अभिषेक ने कहा, मैं हर दिन शूटिंग के बाद घर जाकर एक्सररसाइज करना सुनिश्चित करता हूं। कई बार तो पैकअप होते-होते रात के 9 तक बज जाते हैं, लेकिन फिर भी मैं इस बात का ध्या न रखता हूं कि कम से कम एक घंटे वर्कआउट जरूर करूं। मैंने जब यह शो साइन किया था, तो बहुत बीमार था और मैंने लगभग 6-7 किलो वजन घटाया था, इसलिये जब शूटिंग शुरू हुई, तो मैंने शेप में आने और मसल्से बनाने पर ध्योन दिया। 'अलीबाबा- एक अंदाज़ अनदेखा' से पहले मैंने कुछ किक-बॉक्सिंग क्लाऔसेज की थी, ताकि अपनी बॉडी को फ्लेक्सिबल बना पाऊं और इससे भी मुझे इस शो में मदद मिली है। अभिषेक ने अपने स्टांट्स खुद करने के बारे में आगे कहा, मैं ज्यामदातर अपने स्टंसट्स खुद करता हूं। भगवान की दया से यह मुझसे बहुत आसानी से हो जाता है। वैसे तो मेरा एक्रोबेटिक्स में कोई बैकग्राउंड नहीं है, लेकिन उछलने-कूदने में मुझे बहुत मजा आता है। मैं और भी ज्याखदा गंभीर ऐक्शन सीक्वेंकस करने और नये-नये स्किल्सल सीखने के लिये तत्पंर हूं। उन्होंमने मजाकिया लहजे में कहा, जहां तक तलवारबाजी की बात है, जब मैं बच्चा? था, तो गन्नेप को तलवार समझकर उसके साथ करतब किया करता था, जिससे भी मुझे थोड़ी मदद मिली हैं।



**देखते रहिये 'अलीबाबा एक अंदाज़ अनदेखा - चैप्टोर 2', हर सोमवार से शुक्रवार, शाम 7 बजे सिर्फ सोनी सब पर ।**

# नवरात्रि की महाअष्टमी पर सुख समृद्धि की कामना के लिए नगर पूजा की गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चैत्र मास नवरात्रि की महाअष्टमी पर को सुख समृद्धि की कामना के लिए नगर पूजा की गई। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और एसपी ने चौबीस खंबा माता मंदिर पर माता महालाया-महामाया को मदिरा का भोग लगाया। नगर पूजा शहर में 27 किलोमीटर पैदल सफर तय कर 40 देवी-भैरव मंदिरों तक पहुंची जहां पूजा अर्चना के साथ मंदिरों के ध्वज बदले गए। नगर पूजा का समापन रात 8:30 अंकपात मार्ग स्थित हांडी फोड़ भैरव मंदिर पर हुआ।

राजा विक्रमादित्य काल से चली आ रही नगर पूजा की परंपरा का निर्वहन चैत्र मास की नवरात्रि की महाअष्टमी पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव महंत रविंद्रपुरी की ओर से बुधवार को किया गया। चौबीस खंबा माता मंदिर पर माता महालाया-महामाया को महंत ने एसपी सचिन शर्मा के साथ मदिरा की धार चढ़ाई और महाअष्टमी का पूजन किया। उसके बाद नगर पूजा की शुरुआत हुई। ढोल नगाड़े और बैंड बाजों के साथ महंत रवींद्रपुरी मदिरा की हांडी लेकर 27 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकल पड़े। सुख समृद्धि की कामना के लिए शुरू हुई नगर पूजा शहर के 40 देवी और भैरव मंदिरों में पहुंची जहां माता को चुनरी उड़ाई गई और भैरव मंदिर में भोग लगाकर ध्वज बदले गए।

### 27 किलोमीटर तक बहीं मदिरा की धार

चैत्र मास की नवरात्रि में नगर पूजा अभा. अखाड़ा परिषद की ओर से होती है वही शारदीय नवरात्रि में महाअष्टमी के दिन प्रशासन की ओर से नगर पूजा कराई जाती है। नगर पूजा का मार्ग पुराने शहर में 27 किलोमीटर का होता है जिसे 12 घंटे में पूरा किया जाता है। इस दौरान लगातार मदिरा की धार बहती रहती है। नगर पूजा में शहरवासी की शामिल होते हैं और पूरे मार्ग पर ढोल नगाड़ों के साथ शहरवासियों को नगर पूजा का संदेश दिया जाता है। हर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाती है।

# लायन समागम हेतु हुआ लांयस मैत्री स्थल का शुभारंभ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लायंस क्लब उज्जैन होलीसिटी के तत्वावधान में लायंस मैत्री स्थल का शुभारंभ हुआ। 15 व 16 अप्रैल 2023 को होने जा रहे लायन समागम हेतु डिस्ट्रिक्ट से पधार रहे लायन मित्रों के स्वागत-सम्मान के लिये उक्त स्थल का शुभारंभ किया गया। कार्यालय का शुभारंभ वरिष्ठ लायन प्रफुल्ल जैन संस्थापक अध्यक्ष अवंतिका, पूर्व लायन गौतम चंद धींग अध्यक्ष एमपीसीए, लायन सुभाष दुबे, लायन प्रवीण खण्डेलवाल, लायन सुशील पोरवाल के द्वारा फीता काट कर किया गया। गिरिराज हेरिटेज, पेंटालून एंव विशाल मेगा मार्ट के पास, रेल्वे स्टेशन रोड, उज्जैन पर प्रारंभ हुए लायंस मैत्री स्थल का संचालन लायन सुभाष दुबे के नेतृत्व में किया जायेगा, जिसमें विभिन्न समितियों का गठन 15 व 16 अप्रैल में लायन समागम में पधारे रहे अतिथियों के लिये किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न लायंस क्लबों के सदस्य लायन धर्मेन्द्र सराफ, लायन राकेश शर्मा, लायन संजय मित्तल, लायन नरेन्द्र खण्डेलवाल, लायन रविन्द्र पेढ़ारकर, लायन जगदीश अखण्ड, लायन अजय जसोरिया, लायन जे.पी.पंचारिया, लायन राजेन्द्र शाह, लायन दीपक राजवानी, लायन ओम प्रकाश जाटव, लायन सत्येन्द्र श्रीवास्तव, लायन एस.के.सिंग, लायन सुरेखा दुबे, लायन अश्विन मेहता, लायन वाय.एस.यादव, एवं होलीसिटी सदस्य लायन भरत जैन, लान प्रवीण वशिष्ठ, लायन अश्विनी गुप्ता, लायन दिनेश जैन, लायन दीपक दास, लायन संजय ज्ञानी, लायन नरेश बागड़िया,लायन सुनिल सामरिया, उपस्थित रहे।

# लाड़ली बहना योजना में 4 दिनों में 11 लाख पंजीयन हुए -मुख्यमंत्री चौहान

### मुख्यमंत्री ने की जिलेवार योजना की समीक्षा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अत्यंत महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का कार्य प्रारंभ हो गया है। बीते चार दिनों में लगभग 11 लाख पंजीयन हो चुके हैं। जिन जिलों में योजना के आवेदन भरे जाने की प्रगति अच्छी है उनको मैं बधाई देता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अच्छी प्रगति वाले जिलों के कलेक्टर्स से भी जानकारी ली। उन्होंने मंदसौर, बुरहानपुर, उज्जैन, सीहोर और बालाघाट के कलेक्टर्स को बधाई देते हुए कहा कि अन्य जिलों के अधिकारी भी अच्छी प्रगति वाले जिलों से प्रेरणा लें।

सिंगरौली, सतना, पन्ना, गुना और मुरैना जिले में स्थिति ठीक नहीं है, ऐसे अन्य जिलों में भी ध्यान देकर आवेदन भरवाने का कार्य किया जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की वर्चुअली समीक्षा कर रहे थे। प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रीगण, सांसद, विधायक तथा जिलों के कलेक्टर्स वर्चुअली जुड़े।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में उज्जैन एनआईसी से विधायक श्री बहादुर सिंह चौहान, महापौर श्री मुकेश टटवाल, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम आयुक्त श्री रोशन सिंह, श्री विवेक जोशी, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, एडीएम श्री अनुकूल जैन एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कम प्रगति वाले जिलों के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना में आवेदन भरवाये जाने का कार्य गंभीरतापूर्वक किया जाये। उन्होंने सिंगरौली और गुना जिले के कलेक्टर्स को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में प्रगति कम है, वे जिले समस्याओं का समाधान कर प्रगति बढ़ायें। प्रदेश की अति महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त




नहीं होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं इस योजना की 3 दिन बाद फिर से समीक्षा करूँगा। योजना के क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही करने की हिदायत भी दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर गाँव और वार्ड में आवेदन भराये जाना प्रारंभ कर दिये जाये। अभी 4931 ग्राम पंचायत और 807 नगरीय वार्ड में आवेदन भराये जाने की प्रगति शून्य है, जो चिंताजनक है। इन क्षेत्रों में प्रगति बढ़ायी जाये। उन्होंने कहा कि बहनों के आवेदन बिना कोई असुविधा के भराये जायेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएँ इस योजना में सहयोग करें। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों से कहा कि सब मिल कर योजना के क्रियान्वयन में लग जायें। ई-केवायसी मित्र बना कर भी सहयोग लिया जाये। शिविर का प्रचार-प्रसार कर आवेदन भरवाये जायें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिला स्व-सहायता समूह की बहनों को ई-केवायसी के कार्य में जोड़ा जाये। पंजीयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर किया जाये। हर वार्ड और गाँव-गाँव में योजना का प्रचार-प्रसार कराया जाये। नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता वाहनों और ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन से भी प्रचार हो। ई-केवायसी के लिए अधिक से अधिक वॉलिंटयर्स का उपयोग करें। कलेक्टर्स जन-सहयोग और किराये के वाहन लेकर प्रचार-प्रसार करवायें। साथ ही बैठक कर योजना की प्रगति बढ़ायें और योजना का बेहतर क्रियान्वयन करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर्स को योजना में नवाचार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि योजना का कार्य पुण्य और पवित्र कार्य है। इसलिए टीम भावना के साथ जन-प्रतिनिधि, समाज और प्रशासन के अधिकारी कार्य करें।

# महापौर ने किया लाडली बहना योजना शिविरों का निरीक्षण



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्ब बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाडली बहना का शुभारंभ किया गया है। योजना के आवेदन की ऑनलाईन प्रविष्ठी के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्र में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड 33 में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया गया।

महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा बुधवार को वार्ड क्रमांक 33 गोंडवस्ती स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर लाड़ली बहना योजना शिविर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर द्वारा शिविर पर उपस्थित आवेदन के लिए आई महिलाओं से चर्चा की गई साथ ही शिविर में पदस्थ कर्मचारियों से भी चर्चा करते हुए आवेदनों की आनलाईन प्रविष्टी की जानकारी प्राप्त की गई।

# बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम के अन्तर्गत कार्यशाला आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। सहायक श्रमायुक्त श्री बीपी सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम-1986 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री अरविंद जैन ने की। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में स्वागत भाषण सहायक श्रमायुक्त द्वारा दिया गया। साथ ही उनके द्वारा जिले में बाल श्रम की स्थिति एवं विभाग द्वारा उज्जैन जिले में समय-समय पर बाल श्रम उन्मूलन हेतु किये गये कार्यो के बारे में अवगत कराया गया।**

श्री अरविंद जैन ने उद्बोधन में कहा कि बाल श्रम कुप्रथा के उन्मूलन हेतु जन-सामान्य की व्यापक भूमिका होती है। कार्यशाला में जन साहत की ओर से श्री करण राठौर द्वारा बाल श्रम, बंधक श्रम एवं प्रवासी श्रमिकों की समस्या को रेखांकित करते हुए पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन दिया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री शेरसिंह ठाकुर द्वारा बाल श्रम के सम्बन्ध में बाल कल्याण समिति की भूमिका के विषय में प्रकाश डाला गया।

चाईल्ड लाइन उज्जैन के समन्वयक द्वारा बाल श्रम के उन्मूलन में प्रभावी कार्यवाही हेतु रेस्यूमा प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कार्यशाला में एनजीओ जन साहस की ओर से श्री करण राठौर, चाईल्ड लाइन, महिला एवं बाल विकास विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, शिक्षा विभाग एवं विभिन्न श्रम संगठनों से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।

कार्यशाला के समापन पर सहायक श्रमायुक्त द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु सभी विभागों एवं संस्थाओं के सम्मिलित प्रयासों पर जोर दिया गया। इस दौरान श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक श्री बीएल राठौर, श्री सुमित उच्चारिया, श्री पुष्पेंद्र मरावी आदि मौजूद थे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शिवपुराण कथा स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं हेतु दिशा-निर्देश दिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 4 अप्रैल से 10 अप्रैल के मध्य सीहोर वाले पं.प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा मुल्लापुरा के ठीक पहले खाली स्थान पर आयोजित हो रही है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने आज कथा स्थल का दौरा कर वहां की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मुल्लापुरा, उजड़खेड़ा हनुमान क्षेत्र, इन्दौर-उन्हेल बायपास के टोल नाके पास एवं बड़नगर रोड पर कुत्ता बावड़ी वाले क्षेत्र एवं कार्तिक मेला ग्राउण्ड का दौरा कर कथा में शामिल होने के लिये आ रहे श्रद्धालुओं के लिये पार्किंग की व्यवस्था के बारे में विचार-विमर्श किया। पार्किंग स्थानों



पर लाईट, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जायेगी। पार्किंग के लिये आवश्यक फ्लेक्स व संकेतक आदि की व्यवस्था भी नगर निगम करेगा। इस अवसर पर महापौर श्री मुकेश टटवाल, एडीएम श्री अनुकूल जैन, एएसपी श्री अभिषेक आनन्द, एसडीएम श्री राकेश शर्मा, अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर, उप पुलिस अधीक्षक श्री एसपीएस राठौर, श्री विशाल राजौरिया, श्री प्रकाश शर्मा सहित आयोजन समिति के व्यक्ति मौजूद थे।

# 31 को सम्मेलन, 29 की शाम तक नहीं मिली एजेंडे की कॉपी

### बजट पर कैसे चर्चा कर पाएंगे पार्षद, पुरानी तारीख डालकर दे दिये सूचना पत्र

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम का विशेष सम्मेलन 31 मार्च को रख लिया गया जबकि एजेंडे की कॉपी कई पार्षदों को 29 मार्च की शाम तक नहीं मिल पाई। ऐसे में बजट स्वीकृति के लिए होने वाली चर्चा में पार्षद अपनी बात कैसे रख पाएंगे। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि नगर निगम के विशेष सम्मेलन की सूचना तीन दिन पूर्व दी जानी चाहिये तो जिम्मेदारों ने 29 को सूचना दी उस पर तारीख 28 मार्च 2023 डाल दी। वहीं एजेंडे की कॉपी अनेकानेक पार्षदों को 29 तारीख की शाम तक प्राप्त नहीं हो पाई है। जबकि विशेष सम्मेलन में यह नियम है तीन दिवस के पूर्व ही सूचना दी जानी चाहिए परंतु यह सूचना नहीं दी गई। 30 तारीख को रामनवमी का अवकाश भी है, 31 तारीख को निगम सदन की बैठक है नगर निगम के पार्षद ना तो एजेंडे का अध्ययन कर पाएंगे और ना ही बजट का अध्ययन कर पाएंगे।

## सार समाचार

### बिजली विभाग के मैसेज भेजकर की जा रही धोखाधड़ी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिजली विभाग के मैसेज भेजकर की जा रही धोखाधड़ी के मामले में मंगलवार को एक ओर मामला सामने आया है। दुकानदार की बिजली गुल होते ही मोबाइल पर मैसेज आया और कुछ देर बाद खाते से 2.29 लाख रुपये गायब हो गये। छोटा सराफा में रहने वाले मुकेश गुप्ता 24 खंबा माता मंदिर के समीप श्रीजी नमकीन और जनरल स्टोर्स संचालित करते है। उनकी दुकान की बिजली चली गई थी, उसी दौरान मोबाइल पर एक मैसेज आया। जिसमें बिजली कम्पनी के अधिकारियों से चर्चा करने को कहा गया और एक मोबाइल नम्बर भी था। मुकेश ने उक्त नम्बर पर कॉल किया तो कहा गया कि लिंक भेजी जा रही है, एप डाउनलोड कर 10 रुपये का चालन भरे। मुकेश ने एप डाउनलोड किया तो उससे बिजली का सर्विस क्रमांक मांगा गया। सर्विस क्रमांक अपलोड कर 10 रुपये का चालान भरा तो मोबाइल पर एक के बाद एक तीन मैसेज आए। 2 मैसेज में खाते से एक-एक लाख और तीसरे में 29 हजार निकलने का था। मुकेश ने अपने साथ धोखाधड़ी होने का आभास होते ही महाकाल थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने आवेदन पर जांच का आश्वासन दिया है।

### पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद पति ने खुद को मार चाकू

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद बुधवार सुबह रिश्तेदार पहुंचे तो पति ने खुद को चाकू मार लिया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और मां-बेटी का शव बरामद कर जांच शुरु की। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम टंकरिया में मंगलवार-बुधवार रात औंकारलाल पिता भागीरथ नरवरिया (45) ने पत्नी ताराबाई (40) से विवाद होने के बाद चाकू से हमला कर दिया। ताराबाई की आवाज सुनकर बेटी रवीना (14) आई तो औंकारलाल ने उसे भी चाकू मार दिये। मां-बेटी को चार से पांच चाकू लगने पर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मां और बहन का शोर सुनकर मासूम बेटे मोहित (8) और अंकित (10) आए तो उन्हे भी मारने का प्रयास किया गया। दोनों ने अपनी जान कमरे का दरवाजा बंद कर बचाई। रातभर औंकारलाल पत्नी और बेटी की लाश के पास ही बैठा रहा। सुबह जब उसके घर का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला तो सामने रहने वाले रिश्तेदारों ने खटखटाया, आवाज सुनकर औंकारलाल ने खुद को चाकू मार लिया। कमरे में बंद दोनों बेटों ने काका मुकेश की आवाज सुनी तो अपने कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर आए और घर का मेन दरवाजा खोला। रिश्तेदार ने घटनाक्रम देखा तो शोर मचाया। सुबह 9 बजे गांव के सरपंच पति ने पुलिस को सूचना दी। नरवर टीआई संजय मंडलोई टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के एफएसएल टीम को बुलाया गया। वहीं घायल औंकारलाल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे डॉक्टरों ने इंदौर रैफर किया है। टीआई मंडलोई के अनुसार जांच में मृतक महिला के दोनों बेटों ने रात को हुए घटनाक्रम की जानकारी दी। दोनों के बयान दर्ज कर मामले में औंकारलाल के खिलाफ दोहरी हत्या करने का केस दर्ज किया गया है।

### कलेक्टर ने दुर्गाअष्टमी पर हरसिद्धि मंदिर में पूजन-अर्चन किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने आज दुर्गाअष्टमी के अवसर पर माता हरसिद्धि के मंदिर में जाकर सपत्नीक पूजन-अर्चन किया। इसके पूर्व उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में जाकर दर्शन किये।

### 2 सीसी रोड निर्माण के लिये 5 लाख 88 हजार रु. स्वीकृत किये

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप सिंह गुर्जर ने ग्राम गिंदवानिया एवं चापानेर में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिये पांच लाख 88 हजार रुपये की राशि मंजूर की है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री अंकिता धाकरे ने इस सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के आदेश जारी कर दिये हैं। उक्त निर्माण कार्य की क्रियान्वयन एजेन्सी जनपद पंचायत खाचरौद के सीईओ रहेंगे। आदेश के तहत ग्राम गिंदवानिया में रोड निर्माण के लिये मनरेगा से 53 हजार और विधायक निधि से तीन लाख इस प्रकार कुल तीन लाख 53 हजार रुपये एवं ग्राम चापानेर में मनरेगा से 35 हजार और विधायक निधि से दो लाख रुपये इस प्रकार दो लाख 35 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### उज्जैन जिले के 54 लघु उद्योगों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2 करोड़ 16 लाख रु. मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से अंतरित किये

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 29 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एमएसएमई (लघु एवं सूक्ष्म उद्योग) इकाईयों को प्रोत्साहन राशि उनके खाते में अंतरित की। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उद्योग विभाग के कार्यालय में उद्योगपतियों की उपस्थिति में देखा गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री मृणाल मीना, प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग श्री अतुल वाजपेयी एवं उद्योगपति मौजूद थे। इस कार्यक्रम में उज्जैन जिले के 54 लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को दो करोड़ 16 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। कार्यक्रम में प्रदेशभर की इकाईयों को 400 करोड़ रुपये प्रदान किये गए हैं।

### स्वच्छता की शपथ लेने का आह्वान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपने शहर को कचरामुक्त बनाने ले लिए हर एक को स्वच्छता की शपथ लेने की मुहिम में अपनी भागीदारी करना होगा। नीचे दिए लिंक पर शहर के नागरिक अभी स्वच्छता की शपथ लें और अपना प्रमाण-पत्र भी तत्काल डाउनलोड करें। नगर निगम आयुक्त श्री रोशन सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शपथ की लिंक में नागरिक को अपने राज्य, जिला और शहर के नाम के साथ खुद का नाम डालना है।

### आज निकलेगी साईं बाबा की पालकी, कल होगी भजन संध्या

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमी पर आज 30 मार्च को साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा अलखधाम नगर स्थित साईं मंदिर से निकलेगी।समाजसेवी दीपक बेलानी ने बताया कि शाम 6 बजे साईं मंदिर से प्रारंभ होकर पालकी अलखधाम, शास्त्रीनगर, सिंधी कॉलोनी चौराहा होते हुए वापस अलखधाम मंदिर पहुंचेगी।

दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट लगायें

# इसके लिये सभी कलेक्टर्स कार्य योजना बनायें -संभागायुक्त श्री संदीप यादव

### टोल नाकों पर एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड हेतु एक लाइन खुलवाना सुनिश्चित करें »»संभागायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन संभागायुक्त श्री संदीप यादव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। संभागायुक्त ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि वे दोपहिया वाहन चालकों को संभावित सड़क दुर्घटना से बचाने के लिये हेलमेट लगाने की अनिवार्यता के सम्बन्ध में एक कार्य योजना बनायें। सभी जिले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिये प्रेरित करें। हेलमेट की उपयोगिता की समझाईश दें तथा तत्सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने सभी टोल नाकों पर एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड हेतु एक पृथक लाइन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री यादव ने कहा कि सभी टोल नाकों पर लगभग चार लाइन होती है, लेकिन टोल नाके वाले दो लाइन में पत्थर या ड्रम रखकर उसे बन्द कर देते हैं। इन दो लाइन में से एक लाइन खुलवाई जाये, जिससे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं वीआईपी वाहन बिना समय गंवाये जा सकें। संभागायुक्त ने बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह, डीआईजी श्री अनिल कुशवाह, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा, एमपीआरडीसी के अधिकारीगण एवं जिला परिवहन



अधिकारी श्री संतोष कुमार मालवीय उपस्थित थे।

बैठक में संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे यह सुनिश्चित करें कि शहर को जोड़ने वाले ऐसे मार्ग जो एमपीआरडीसी एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास निगम अथवा अन्य निर्माण संस्थाओं द्वारा निर्मित किये गये हैं, उन मार्गो पर अनिवार्य रूप से संकेतक लगायें। जो माइलस्टोन, डिवाइर खराब हो चुके हैं, उनकी तत्काल मरम्मत की जाये। डिवाइडरों की मरम्मत समय-समय पर होती रहे। संभागायुक्त ने कहा कि जो डिवाइडर बीच-बीच से टूटे हैं, उन्हें पुनः जोड़ने की कार्यवाही भी की जाये। श्री यादव ने कहा कि सभी यात्री बसों में शासन की गाईड लाइन के अनुसार दिव्यांग यात्रियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिये सीटों का आरक्षण पूर्ववत रहे और इस गाईड लाइन का पालन कड़ाई से किया जाये। बताया गया कि स्कूली बसों में महिला कंडक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।

श्री यादव ने नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के नेतृत्व में नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्र में कतिपय लोगों द्वारा सड़कों पर जो अतिक्रमण किये गये हैं, उसे हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण पर स्थाई एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संभागायुक्त ने कुछ माह पूर्व रतलाम के सतरूंडा चौराहे पर हुई भीषण वाहन दुर्घटना के सम्बन्ध में रतलाम कलेक्टर द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली। बताया गया कि 100-100 मीटर तक सड़क छोड़ी जायेगी। इसके लिये शासन से आवश्यक राशि की मांग की गई है। संभागायुक्त ने उज्जैन कलेक्टर को निर्देश दिये कि दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन में वृद्धि को देखते हुए शहर में यातायात की समुचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने जिले में नियमित रूप से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करें और बैठक में संभाग स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही से उन्हें अवगत करायें। वीडियो कॉन्रेंवगसिंग के दौरान रतलाम कलेक्टर श्री नरेंद्र सूर्यवंशी, आगर-मालवा कलेक्टर श्री कैलाश वानखेड़े, मंदसौर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, शाजापुर कलेक्टर श्री दिनेश जैन, देवास कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता, नीमच कलेक्टर श्री मयंक अग्रवाल मौजूद थे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )